हिंदी दैनिक

ePaper www.yugdharma.com

# युगधर्म

प्रधान संपादक : अरुण जोशी

१९४७ से

■ वर्ष : ८० ■ अंक १४८ नागपुर, शनिवार, ३१ अक्टूबर २०२६ ■ पृष्ठ ८ ■ मूल्य ₹४



## खत्म करें सभी आपसी मतभेद

### बीजेपी आलाकमान का फरमान

**विशेष प्रतिनिधि**

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों में सत्ताधारी गठबंधन महायुति को मिली हार के बाद बीजेपी और शिवसेना के बीच अंदरूनी कलह तेज हो गई है। दोनों पार्टियों के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर हमला बोला और भीतरघात करने के आरोप लगाए। राजनीतिक सूत्रों से पता चला है कि दिल्ली में बीजेपी आलाकमान ने इन घटनाओं का गंभीरता से संज्ञान लिया है। उन्होंने राज्य में बीजेपी और शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं को एक साथ बैठकर गलतफहमियां दूर करने और इस विवाद को खत्म करने का निर्देश दिया है। दरअसल विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में महायुति को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। इसके बाद बीजेपी और शिवसेना के नेताओं ने एक-दूसरे पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। गुरुवार को दोनों दलों के नेताओं ने राजनीतिक विरोधियों की तरह सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर तीखे हमले किए। ऐसी उम्मीद थी कि यह विवाद शांत हो जाएगा, लेकिन आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुक्रवार तक जारी रहा।

#### बीजेपी ने शिवसेना नेता पर साधा निशाना

बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता नवनाथ बन ने शिवसेना नेता रवींद्र डांगेकर पर जोरदार हमला बोला। बीजेपी प्रवक्ता ने डांगेकर पर बार-बार राजनीतिक दल बदलने का आरोप लगाया। दरअसल डांगेकर अक्सर बीजेपी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की आलोचना करते रहे हैं। बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि पुणे की जनता ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों में डांगेकर को नकार दिया था और पुणे नगर निगम चुनावों में तो उनके परिवार के सदस्यों की जमानत तक जब्त हो गई थी। बान ने जोर देकर कहा कि ऐसा व्यक्ति बीजेपी को उपदेश देने की स्थिति में नहीं है।

#### शिवसेना का बीजेपी पर पलटवार

शिवसेना ने बीजेपी पर पलटवार किया। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नेता नीलेश राणे ने प्रदीप पुर्नेकर हत्याकांड का मुद्दा उठाते हुए सवाल किया कि एक सहयोगी होने के नाते बीजेपी, एकनाथ शिंदे के साथ क्यों खड़ी नहीं हुई? राणे ने पूछा कि हम एक-दूसरे पर दोष मढ़ना नहीं चाहते, लेकिन हम अपने नेताओं के खिलाफ की जा रही आलोचना को कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? ■ शेष पेज ५ पर




# कोहले की हार से बुकी हुए मालामाल

### पंटरों को पहली बार बनाया विचित्र ढंग से शिकार

**राजेश्वर मिश्रा**

**नागपुर।** विधान परिषद का नागपुर विभाग स्नातक चुनाव ऐतिहासिक तो साबित हुआ ही, सटोरियों द्वारा इस चुनाव में खेली गई विचित्र चाल भी चमत्कारिक साबित हुई और बुकीज के जाल में कई पंटर फंसकर करोड़ों से तबाह हो गए। वंजारी की जीत के बावजूद किसी को एक रुपया भी कमाने का मौका नहीं मिला क्योंकि चालाक बुकीज ने अंतिम समय तक एक ही भाव दिया और वह भी कोहले की जीत पर। कोहले का भाव खाने का मौका ही किसी को नहीं दिया गया।

सट्टा बाजार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आमतौर पर बुकीज किसी भी चुनाव के समय या किसी भी मैच के समय शुरुआती भाव लगाने के साथ खाने का भी देते हैं। जैसे पिछले विधानसभा चुनाव में विकास ठाकरे का शुरुआती भाव ७५-८५ पैसे, कृष्णा खोपड़े का भाव ३०-३५ पैसे, मोहन मते का भाव ८०-९० पैसे दिया था। यानी विकास ठाकरे की जीत पर ७५ पैसे भाव था तो हजार रुपए लगाने वाले को जीत के बाद ७५० रुपए ही मिलेंगे। खाने वाले को ठाकरे की हार के बाद ८५० रुपए के हजार मिलेंगे। इसी प्रकार भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच हो तो सटोरिए भारत या न्यूजीलैंड के पक्ष में ७०-८० या कुछ और खोलेंगे। यही हर खेल में सटोरियों का नियम है।





### और अंत में...

**अपुष्ट जानकारी के अनुसार कोहले के ही इलाके के एक बड़े बुकी ने लंबी कमाई की। शहर के बाकी छोटे सटोरिए जहां इसचुनाव पर सट्टेबाजी झिझकते देखे गए, वहीं दक्षिण का सटोरिया बेहिसाब सौदे लेने लगा था।**

विधान परिषद के नागपुर विभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ। कोई फडणवीस या गडकरी जैसा तगड़ा उम्मीदवार हो तो सटोरिए केवल ५ पैसे में खाने का भाव देते हैं लेकिन कोहले का भाव उन्होंने केवल लगाने का ६५ पैसे दिया। कोहले का भाव ६५-७५ पैसे भी देते तो वंजारी की जीत का विश्वास रखने वाले कई लोग ७५ पैसे में खा लेते। पता नहीं क्यों सटोरियों ने केवल कोहले का ही भाव शुरुआत से दिया! क्या इसके पीछे कोई रहस्य था या सटोरियों को विश्वास था कि वंजारी ही जीतेंगे? सटोरिए इस चुनाव में एक रुपया भी गंवाना नहीं चाहते थे और इसी कारण उन्होंने केवल कोहले का ही भाव खोला। कई लालची भाजपाइयों ने ६५ पैसे में कोहले की जीत पर हजारों- लाखों रुपए लगाए। बंपर मतदान के बाद सटोरियों ने कोहले का भाव ३५ पैसे कर दिया और इतने कम रेट के बावजूद अति आत्मविश्वास से घिरे लोगों ने कोहले पर लाखों का सत्ता लगाकर मुंह की खाई।

#### सही होता है अंदाज

आमतौर पर सटोरियों का अंदाज सही होता है। कुछ अप्रत्याशित होने पर ही बहुत कम बार उन्हें चूना लगता है। हालांकि दो राउंड की मतगणना के बाद कोहले जब ४ हजार से अधिक वोटों से आगे थे तब सटोरियों को जरूर पसीना छूट गया था लेकिन बाद के दूसरी पसंद और एलिमिनेट चरण में कोहले पिछड़ते चले गए। बहुत कम वोटों से उनकी हार हुई लेकिन सटोरिए मालामाल हो गए।

### प्रमोद ने शिकायतकर्ता को फंसा दिया था पुलिस के जाल में




## जाली कागजात थमाकर वसूले थे ३ लाख!

**विशेष प्रतिनिधि**

**नागपुर।** कुख्यात ब्लैकमेलर प्रमोद भागचंदानी के बारे में जरीपटका इलाके में कहा जाता है कि वह इतना अधिक शातिर है कि खुद को जाल में फंसता देखकर शिकार को ही फंसा देता है। इस बारे में चर्चा है कि उसने उस व्यक्ति को चाल चलकर जेल पहुंचाया था जिसने उसके खिलाफ सदर थान में शिकायत की थी।

बताते हैं कि यह मामला लगभग ढाई वर्ष पुराना है। जरीपटका निवासी आसनानी नामक व्यक्ति का मालकी हक वाला एरिया १००० से बढ़ाकर ३ हजार करा देने का ठेका भागचंदानी और किसी लालवानी ने लिया और आसनानी को सिटी सर्वे के जाली कागजात थमाकर ३ लाख रुपये वसूल लिए। बाद में आसनानी को पता चला कि कागजात नकली हैं तो उसने भागचंदानी और लालवानी के खिलाफ सदर थाने में शिकायत कर दी। बताते हैं कि इसकी भनक लगने पर भागचंदानी-लालवानी ने पुलिस के साथ मिलकर ऐसी चाल खेली कि बेचारा आसनानी ही पुलिस के मकड़जाल में फंस गया। भागचंदानी के कई रोचक कारनामे लगातार सामने आ रहे हैं और लोग उसके खिलाफ शिकायत करने भी थाने पहुंचने की हिम्मत दिखा रहे हैं।

#### कपड़ा व्यापारी से मांगे ५ लाख

वसूलीबाज ब्लैकमेलर प्रमोद भागचंदानी पर रंगदारी मांगने का ८वां मामला दर्ज हो गया है। उस पर बदनामी का डर दिखाकर व्यापारी से कथित तौर पर ५ लाख रुपये रंगदारी मांगने वसूलने का नया आरोप लगा है। बदनामी से बचने के लिए व्यापारी ने दबाव में आकर उसे ११,००० रुपये भी दिए लेकिन इसके बावजूद पैसों की मांग और धमकियां जारी रहीं। आखिरकार परेशान व्यापारी ने तहसील पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायतकर्ता उद्धव सावलानी (७१) गांधीबाग स्थित मातोश्री एनएक्स होलसेल क्लॉथ मार्केट में कपड़े का कारोबार करते हैं। आरोपी भागचंदानी पिछले करीब ५ वर्षों से उनसे परिचित है। आरोप है कि पिछले २-३ वर्षों से आरोपी झूठे आरोप लगाकर उन्हें परेशान कर रहा था। साथ ही सोशल मीडिया और फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालकर उनकी सामाजिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा था। शिकायत के मुताबिक, २४ जून २०२६ को सोशल मीडिया पर बदनामी रोकने के नाम पर भागचंदानी ने सावलानी से ५ लाख रुपये की मांग की। बातचीत के दौरान भागचंदानी २.७० लाख पर मान गया लेकिन सावलानी की ■ शेष पेज ५ पर

### बेनिगिरीवासियों ने की धुनाई

## दिनदहाड़े फ्लैट में घुसा विक्षिप्त!

**संवाददाता**

**नागपुर।** आज सुबह महल इलाके के बेनिगिरी स्थित फ्लैट स्कीम में व्यवसायी अजय अग्रवाल के घर एक चोर घुस गया और उसने फ्लैट का दरवाजा बंद कर लिया! सौभाग्य से उस समय पत्नी के साथ अजय अग्रवाल भी घर पर ही थे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया तथार बेनिगिरीवासियों की सहायता से उसकी जमकर धुनाई के बाद उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़ा गया व्यक्ति गोंदिया का है और मोबाइल पर एक विशिष्ट गेम खेल-खेलकर वह मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गया है। वही समझता है कि कोई उसे मार डालेगा और इसी कारण वह किसी के भी खुले घर या छत पर पहुंच जाता है। अजय अग्रवाल ने बताया कि जब उस व्यक्ति को पकड़ा गया तो वह भी 'वे मुझे मारेंगे, मुझे मारेंगे' कहते हुए बड़बड़ा रहा था। हालांकि अग्रवाल का दावा है कि वह शातिर चोर था। उसके शरीर पर जख्म के निशान थे।

## इसरो ने प्रक्षेपित किया स्वदेशी नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-०३

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश की स्वदेशी उपग्रह आधारित दिशा-निर्धारण प्रणाली 'नाविक' (एनएवीआईसी) को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने शुक्रवार देर रात अपने शक्तिशाली जीएसएलवी-एफ १८ रॉकेट के माध्यम से अगली पीढ़ी के नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-०३ का सफल प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण स्थल से इस अभियान को अंजाम दिया गया। इस उपग्रह के अंतरिक्ष में स्थापित होने से भारत की अपनी दिशा और स्थिति बताने वाली प्रणाली की क्षमता बढ़ेगी। इसका लाभ आम नागरिकों के साथ-साथ देश की सुरक्षा और सशस्त्र ■ शेष पेज ५ पर



## मशहूर निर्देशक संजय गुप्ता का निधन

### शूटआउट एट वडाला-काबिल सहित दीं कई हिट फिल्में



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के गलियारों से एक बेहद ही दुखद खबर सामने आ रही है। काबिल, मुंबई सागा और शूटआउट एट वडाला जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले संजय गुप्ता का ५७ की उम्र में निधन हो गया है। डायरेक्टर की अचानक सामने आई निधन की खबर से बॉलीवुड में मातम पसर गया है। निर्देशक के निधन की खबर को अशोक पंडित ने कंफर्म किया है। निर्माता-निर्देशक अशोक पंडित ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकांउट पर संजय गुप्ता की डेथ की खबर को कंफर्म करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने लिखा, ये बहुत ही शॉकिंग और दुखद है। मुझे अभी-अभी करीबी दोस्त और मंझे हुए निर्देशक संजय गुप्ता के निधन की जानकारी मिली है। उनका निधन सिर पर चोट लगने से हुआ है। एक और टैलेंट हम सबको छोड़कर बहुत जल्दी चला गया। वह बहुत ही अच्छे नैरेटर और पैशनेट फिल्ममेकर थे। ये हमारी इंडस्ट्री का एक बहुत बड़ा नुकसान है।

## रिहाई के तुरंत बाद अवैध गिरफ्तारी

### हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को २ लाख मुआवजा देने का दिया आदेश

**नागपुर।** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरुण थॉमस फरेरा की सितंबर २०११ में हुई गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए महाराष्ट्र सरकार को उन्हें २ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने माना कि नागपुर सेंट्रल जेल से रिहाई के तुरंत बाद उन्हें दोबारा हिरासत में लेने की पुलिस कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद २१ और २२ के तहत मिले मौलिक अधिकारों का उल्लंघन थी। अदालत ने राज्य सरकार को आठ सप्ताह के भीतर मुआवजे की राशि न्यायालय में जमा कराने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति राज वाकोड़े की खंडपीठ ने अपने फैसले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि कानून की रक्षा करने की जिम्मेदारी जिन पुलिस अधिकारियों पर है, यदि वही कानून का उल्लंघन करते हैं तो ऐसी कार्रवाई पर प्रभावी और उचित



दंडात्मक कदम उठाना आवश्यक है। इससे समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहना चाहिए।

अरुण फरेरा को मई २००७ में कथित नक्सली गतिविधियों से जुड़े विभिन्न आपराधिक मामलों में गिरफ्तार किया गया था। वह चार साल से अधिक समय तक नागपुर सेंट्रल जेल में रहे। बाद में उस समय उनके खिलाफ लंबित आठ आपराधिक मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया था।

२७ सितंबर २०११ को जेल से रिहाई के बाद जब फरेरा बाहर निकले, तब सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें फिर से हिरासत में ले लिया। आरोप के अनुसार, पुलिसकर्मी उन्हें बिना नंबर प्लेट वाले वाहन में बैठाकर अपने साथ ले गए। उस समय उनकी मां, भाई और वकील भी जेल के बाहर उनकी रिहाई के इंतजार में मौजूद थे। फरेरा की याचिका के अनुसार, पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेते समय गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए और न ही गिरफ्तारी से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। बाद में गढ़चिरोली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार दिखाया।

#### जेल में रहते हुए बताया गया था फरार

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में इस बात पर भी नाराजगी जताई कि फरेरा वर्ष २००७ से जेल में बंद थे, इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें एक मामले में फरार बताया। अदालत ने कहा कि जब संबंधित व्यक्ति पहले से ही जेल में बंद था, तब उसे फरार बताने और रिहाई के तुरंत ■ शेष पेज ५ पर

## जेल से १७ कैदी फरार होने पर १७ कर्मचारी निलंबित



**थेनी।** तमिलनाडु के थेनी जिले की जेल से १७ कैदियों के फरार होने के मामले में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सख्त रुख अपनाया है। जेल की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आने के बाद उन्होंने डिप्टी जेल सुपरिटेंडेंट समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही राज्य की सभी जेलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। यह पूरा मामला २६ अक्टूबर का है। थेनी जिले की थेक्कमपट्टी उप-जेल में बंद १७ कैदियों ने भागने के लिए पहले मेडिकल इमरजेंसी का नाटक किया। इसके बाद उन्होंने जेल कर्मचारियों को काबू में कर लिया और जेल से फरार हो गए। ■ शेष पेज ५ पर

### पुलिस के सामने ही लोगों को कुचलने की कोशिश, नहीं रुकी दबंगई

## रेत माफिया ने ग्रामीणों पर दौड़ाया डोजर

**गड़चिरोली।** जिले के देसाईगंज तहसील अंतर्गत सावंगी गांव में वैनगंगा नदी के पात्र में कथित अवैध रेत उत्खनन को लेकर तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। नदी से दिन-रात पोकलेन मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ठेकेदार और रेत कारोबारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हैरानी की बात यह है कि अवैध उत्खनन रोकने के लिए पहुंचे ग्रामीणों को ही कथित तौर पर डोजर से कुचलने की धमकी दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में भी डोजर चालक ने उनके ऊपर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। इस घटना से गांव में भारी नाराजगी है और अब ग्रामीणों ने सीधे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तथा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार



देसाईगंज तहसील के मौजा सावंगी स्थित वैनगंगा नदी के पात्र में ठेकेदार की ओर से पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल कर लगातार रेत निकाली जा रही है। यह उत्खनन दिन के उजाले के साथ-साथ रात के अंधेरे में भी जारी रहने का आरोप है।

#### ग्रामीणों ने बंद कराया था काम

अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ २१ अक्टूबर को गांव के जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्रवाई की थी। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उनका यह प्रयास महज एक घंटे तक ही प्रभावी रहा। इसके बाद रेत उत्खनन का काम फिर से शुरू कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ गई। इस मामले ने २७ अक्टूबर को उस समय गंभीर मोड़ ले लिया, जब ग्रामीण एक बार फिर रेत घाट पर पहुंचे। ग्रामीणों ने रेत की ढुलाई करने वाले वाहनों को रोकने और उत्खनन का काम बंद कराने का प्रयास किया। इसी दौरान डोजर चालक ने कथित तौर पर ग्रामीणों की ओर वाहन बढ़ा दिया और उन्हें टक्कर मारने की धमकी दी। ग्रामीणों ने इसे खुलेआम जान से मारने की कोशिश बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जाता है कि घटना के समय पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे। इसके बावजूद ग्रामीणों के अनुसार संबंधित डोजर चालक और अन्य लोगों ■ शेष पेज ५ पर

## कल से मोबाइल पर बदलेगा कॉलिंग का तरीका

### साइबर ठगी पर अंकुश लगाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वाले करोड़ों लोगों के लिए १ नवंबर से एक महत्वपूर्ण बदलाव होने जा रहा है। अब अनजान नंबर से फोन आने पर भी मोबाइल स्क्रीन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम दिखाई देगा। केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग (डीओटी) के निर्देश पर कॉलर नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सेवा लागू की जा रही है। इस व्यवस्था के शुरू होने से मोबाइल उपभोक्ताओं को अनजान नंबरों से आने वाली




कॉल की पहचान करने में आसानी होगी। खास बात यह है कि इसके लिए मोबाइल में किसी अलग ऐप को डाउनलोड करने या इंटरनेट का इस्तेमाल करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक किसी अनजान नंबर से फोन आने पर मोबाइल स्क्रीन पर केवल नंबर दिखाई देता था। कॉल करने वाले की पहचान जानने के लिए लोगों को ट्रूकॉलर जैसे ऐप की मदद लेनी पड़ती थी। लेकिन नई व्यवस्था में दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क के माध्यम से ही कॉल करने वाले का नाम मोबाइल स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। इससे फर्जी कॉल, पहचान छिपाकर फोन करने और साइबर ठगी की घटनाओं पर ■ शेष पेज ५ पर



## कोई हो जिसके साथ जिंदगी की छोटी-बड़ी खुशियां बांट सकूं

फिल्ममेकर करण जौहर ने अपनी पर्सनल लाइफ और प्यार को लेकर दिल की बात कही है। उन्होंने बताया कि वह अपनी जिंदगी में एक ऐसे पार्टनर की तलाश में हैं, जिसके साथ वह रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातें शेयर कर सकें, अपनी खुशियों का जश्न मना सकें और जिंदगी के खास पलों को साथ जी सकें। करण ने ये बातें अपने चैट शो 'कॉफी विद करण 9' के एक एपिसोड में एक्टर विजय देवरकोंडा के साथ बातचीत के दौरान कही। दरअसल, शो में बातचीत के दौरान विजय ने एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा, ''मैं रश्मिका का हाथ थामे रखना चाहता हूं और आप जानते हैं कि वह मेरे साथ सुरक्षित हैं।''

इसके बाद विजय ने करण से पूछा कि वह अपनी जिंदगी में क्या चाहते हैं। इस पर करण ने बताया कि वह चाहते हैं कि उनका पार्टनर उनके जुड़वां बच्चों यश और रूही की परवरिश में बराबर की जिम्मेदारी निभाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके लिए शादी करना शायद तकनीकी रूप से संभव न हो, लेकिन वह एक रिश्ते में जरूर रहना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ''मैं ऐसा इंसान चाहता हूं, जिसके साथ मैं अपने दिन की छोटी-छोटी बातें शेयर कर सकूं। जिसके साथ जिंदगी की बड़ी खुशियां मना सकूं। मेरे लिए रिश्ते का मतलब रोजमर्रा की जिंदगी में एक-दूसरे का साथ देना भी है। मैं किसी ऐसे शख्स के साथ जिंदगी बिताना चाहता हूं, जिसके साथ मैं अपनी जिंदगी के खास पलों को सेलिब्रेट कर सकूं। मैं चाहता हूं कि मेरे जीवन में ऐसा इंसान हो, जिसे मैं अपना कह सकूं और जिसके साथ मुझे प्यार, सम्मान और अपनापन महसूस हो।'' करण की बात सुनने के बाद विजय ने उनकी इच्छा पूरी होने की कामना की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि आइए, पुराने देवी-देवताओं, नए देवी-देवताओं, कॉफी के देवताओं और इस काउच के देवताओं से प्रार्थना करते हैं कि करण की यह इच्छा पूरी हो जाए। विजय की बात सुनकर करण भावुक नजर आए। उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मुझे ऐसा लग रहा है कि आपकी मेरे लिए यह प्रार्थना दिल से निकली थी।'' बता दें कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना भी 'कॉफी विद करण 9' में साथ नजर आए थे।



## भाषा से भावना व्यक्त करने के तरीके में बदलाव आता है

तेलुगु क्राइम-कॉमेडी फिल्म 'बा बा ब्लैक शीप' में अभिनेत्री मालवी मल्होत्रा रमा के किरदार में नजर आ रही हैं। साउथ इंडस्ट्री में काम करने पर अभिनेत्री ने कहा कि भाषा इस बात को भी दिखाती है कि आप अपनी भावनाओं को दूसरों के सामने कैसे व्यक्त करते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हर इंडस्ट्री की काम करने की संस्कृति, लय और कहानी कहने की भाषा होती है और मेरे लिए इससे परिचित होना मददगार है। भाषा सिर्फ शब्दों या उच्चारण के बारे में नहीं है बल्कि, यह दिखाती है कि आप अपने मन की भावनाओं को कैसे व्यक्त करते हैं, सीन की लय कैसी होती है और आप अपने सह-कलाकार को कैसे सुनते हैं। आखिरकार, भावनाएं सार्वभौमिक होती हैं। चाहे आप हिंदी, तेलुगु, तमिल या मलयालम बोल रहे हों, किरदार की सच्चाई सामने आनी चाहिए। इस समझ ने मुझे और अधिक सहज और बहुमुखी कलाकार बना दिया है।' अभिनेत्री ने रमा के किरदार के बारे में बताते हुए कहा, 'रमा की अपनी अलग पहचान और इमोशनल सफर है। मुझे यह पसंद आया कि उसे सिर्फ हीरो के आसपास या उसकी कहानी को आगे बढ़ाने के लिए नहीं लिखा गया। उसके कई पहलू हैं और जहां कुछ पहलू वास्तविकता के करीब थे, वहीं कुछ ने मुझे अपने व्यक्तित्व से बाहर ला दिया। जिस बात ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया, वह था उसे एक असली इंसान जैसा महसूस कराने का अवसर, जिसमें उसके अपने विचार, कमजोरियां और ताकतें हों।'

अपनी भूमिका की तैयारी के बारे में बताते हुए मालवी ने कहा, 'मैं आमतौर पर किरदार के बारे में ज्यादा कुछ तय नहीं करती, जब तक कि मैं यह न समझ लूं कि वह किस दुनिया से आती है, क्या चाहती है, किससे डरती है और किस तरह की प्रतिक्रिया देती है। मैंने स्पष्ट हावभाव बनाने के बजाय अपने अभिनय को सहज बनाने की कोशिश की थी। मेरी थिएटर ट्रेनिंग ने मुझे सिखाया है कि छोटी-छोटी बातें किसी किरदार को विश्वसनीय बना सकती हैं, इसलिए मैंने उसके आंतरिक जीवन पर अधिक ध्यान दिया और हावभाव को स्वाभाविक रूप से उभरने दिया।' उन्होंने कहा, 'मुझे तुरंत जिस चीज ने आकर्षित किया था, वह कहानी और उसकी दुनिया थी। मैं ऐसे प्रोजेक्ट खोजती हूं, जहां पात्रों की अपनी यात्राएं हों और कुछ सार्थक योगदान हो। जब मैंने पटकथा पढ़ी, तो मुझे लगा कि पात्र और उनकी भावनाएं कहानी को चला रही हैं। मैं सिर्फ पैमाने या ग्लैमर के कारण किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से ज्यादा अच्छी कहानी का हिस्सा बनना पसंद करती हूं।'

## अब सनी देओल और श्रद्धा कपूर से भिड़ेंगे सलमान!



सलमान खान के फैन्स के लिए गुड न्यूज है. लंबे वक्त से उनकी फिल्म 'मातृभूमि' अटकी हुई थी. पहले 'बैटल ऑफ गलवान' से टाइटल ही बदल दिया गया, जिसके बाद फिल्म में काफी बदलाव किए गए हैं. लेकिन कुछ वक्त पहले ही फिल्म को क्लीयरेंस मिल गई थी. तमाम अड़चनों को पार करने के बाद कुछ समय पहले ही इस फिल्म का सेंसर बोर्ड और सरकार की ओर से रास्ता साफ हो गया है. रिलीज डेट को लेकर भी दो डेट्स पर चर्चा चल रही. एक है नवंबर 20 और दूसरे डेट है- 4 दिसंबर. मुश्किल सफर के बाद सलमान खान की 'मातृभूमि' 2026 के आखिर में रिलीज होने की रेस में वापस आ गई है. एक रिपोर्ट से पता लगा कि फिल्म को 20 नवंबर या 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग है. अगर यह 20 नवंबर को रिलीज होती है, तो इसका मुकाबला सनी देओल की 'सूर्या' से होगा. वहीं, अगर यह 4 दिसंबर को आती है, तो इसका सामना श्रद्धा कपूर की 'ईठा' से होगा. हालांकि, फिलहाल रिलीज डेट की प्लानिंग चल रही है, मेकर्स ने कोई ऑफिशियल ऐलान डेट को लेकर नहीं किया है.

## आउटसाइडर को मौका मिलना मेरे लिए बड़ी बात

छोटे पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के बाद अब एक्ट्रेस ईशा मालवीय बड़े पर्दे पर अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को लेकर ईशा काफी एक्साइटेड हैं। हालांकि, पहली फिल्म को लेकर उनके मन में घबराहट भी है लेकिन वह इस मौके को लेकर ज्यादा खुश हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि एक आउटसाइडर होने के बावजूद उन्हें बड़े पर्दे पर काम करने का मौका मिला है, जो उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। ईशा मालवीय ने बातचीत में अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''पहली फिल्म होने की वजह से मैं नर्वस हूं और मुझे डर भी लग रहा है लेकिन मेरी खुशी नर्वस होने से कहीं ज्यादा है। एक आउटसाइडर के तौर पर बड़े पर्दे तक पहुंचना मेरे लिए बड़ी बात है। मैं इस मौके को लेकर काफी एक्साइटेड हूं और अपनी फिल्म को दर्शकों के सामने लाने का इंतजार कर रही हूं।''

ईशा मालवीय ने कहा, ''मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं। मुझे लगता है कि अब तक मैंने जो मेहनत की है, जिंदगी में जिन मुश्किलों का सामना किया है और मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए मेरे माता-पिता ने जो परेशानियां झेली हैं, उन सबका नतीजा अब सामने आ रहा है। मैं फिल्म 'तुम मेरे हो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हूं। इसके लिए मैं बहुत खुश हूं।'' ईशा ने कहा, ''मेरे लिए अभी भी इस बात पर यकीन करना आसान नहीं है कि मैं सच में बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। मुझे कई बार ऐसा लगता है, जैसे मैं कोई सपना देख रही हूं। हालांकि, जब मैं फिल्म से जुड़े लोगों को अपने साथ देखती हूं, तो मुझे इस बात का एहसास होता है कि मेरा सपना अब हकीकत बन रहा है। यह मेरे लिए अनुभव काफी खास है और मैं इस नए सफर को लेकर उत्साहित हूं।'' अपनी फिल्म 'तुम मेरे हो' को लेकर ईशा ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि यह उन दर्शकों को पसंद आएगी, जो पर्दे पर एक सिंपल लव स्टोरी देखना चाहते हैं। हम दर्शक के तौर पर अक्सर शिकायत करते हैं कि अच्छी फिल्में नहीं आ रही हैं। फिल्मों में बहुत हिंसा और खून-खराबा है। रोमांस कहां है? एक सिंपल लव स्टोरी कहां है? इसलिए हम आपके लिए 'तुम मेरे हो' लेकर आए हैं।' फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ एक्टर गुरमीत चौधरी भी नजर आएंगे।





## बॉलीवुड में रोमांस और म्यूजिक का जादू कभी खत्म नहीं होता

एक्टर गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में नजर आने वाले हैं। यह एक रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म है, जिसमें प्यार से भरे आठ गाने मौजूद हैं। फिल्म के तीन गानों को पहले ही अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अभिनेता का कहना है कि बॉलीवुड में रोमांस और म्यूजिक का जादू कभी खत्म नहीं होता। फिल्मों में भले ही समय के साथ कहानियां और उनका अंदाज बदलता रहे, लेकिन प्यार की कहानियां और दिल को छू लेने वाले गाने हमेशा दर्शकों को पसंद आते हैं। गुरमीत चौधरी ने बातचीत में कहा, ''तुम मेरे हो' को काफी प्यार के साथ बनाया गया है। इसमें रोमांस, म्यूजिक और एक खूबसूरत लव स्टोरी देखने को मिलेगी। फिल्म में कुल आठ गाने हैं, जिन्हें बेहतरीन म्यूजिक कंपोजर्स और सिंगर्स ने तैयार किया है। तीन गाने पहले ही हिट हो चुके हैं और लोगों को पसंद आ रहे हैं।'

गुरमीत ने कहा, ''प्यार की कहानियों की अपनी अलग जगह होती है। एक अच्छी लव स्टोरी हमेशा लोगों के दिलों से जुड़ती है और इसका असर लंबे समय तक बना रहता है। 'तुम मेरे हो' सिर्फ रोमांस पर आधारित फिल्म नहीं है, बल्कि इसमें म्यूजिक भी कहानी का अहम हिस्सा है।''

बॉलीवुड में रोमांटिक फिल्मों की लोकप्रियता पर बात करते हुए गुरमीत ने कहा, ''पिछले कुछ सालों में कई इंटेंस कहानियों वाली फिल्में आई हैं और दर्शकों ने उन्हें पसंद भी किया है। हालांकि, अच्छी कहानियों और यादगार गानों वाली रोमांटिक फिल्मों का अपना अलग क्रेज बना हुआ है। 'आशिकी', 'आशिकी 2' और 'सैयारा' जैसी फिल्मों में म्यूजिक और रोमांस का मेल दर्शकों को हमेशा आकर्षित करता है।''

गुरमीत ने कहा, ''अच्छी धुनें और प्यार से जुड़ी कहानियां लोगों के साथ आसानी से जुड़ जाती हैं। यही वजह है कि रोमांटिक फिल्मों के गाने लंबे समय तक लोगों की जुबान पर रहते हैं और फिल्म की पहचान बन जाते हैं।''

गुरमीत ने कहा, ''भारतीय संस्कृति में म्यूजिक की अहम जगह है। हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी संगीत किसी न किसी रूप में शामिल रहता है। घर में सुबह उठने से लेकर डांट खाने तक, हर मौके पर गाने याद आ जाते हैं। ऐसे में अगर किसी फिल्म में अच्छे गाने हों, तो दर्शकों के सिनेमाघरों तक पहुंचने की संभावना भी बढ़ जाती है।''

गुरमीत ने कहा कि 'तुम मेरे हो' में दर्शकों को अच्छा म्यूजिक, रोमांस और एक प्यारी सी कहानी देखने को मिलेगी।

फिल्म में गुरमीत के साथ ईशा मालवीय भी नजर आएंगी। इस फिल्म से ईशा बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।



## न्यूपोर्ट बीच फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी अनुष्का सेन

**टीवी और एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन को 2026 न्यूपोर्ट बीच फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस खास सम्मान को लेकर अनुष्का ने खुशी जाहिर की है।**

उन्होंने कहा कि भारत की कहानियों में इतनी ताकत है कि उन्हें दुनिया भर में सुना जाना चाहिए। यह सम्मान सिर्फ एक टाइटल नहीं बल्कि भारतीय टैलेंट और कहानियों को इंटरनेशनल ऑडियंस तक पहुंचाने का मौका है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा, ''न्यूपोर्ट बीच फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली ग्लोबल एंबेसडर बनना मेरे लिए ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। मेरे लिए यह सिर्फ एक टाइटल से कहीं ज्यादा है। यह उन कहानियों के बारे में है, जिन्हें हम अपने साथ लेकर चलते हैं, उन सीमाओं के बारे में है जिन्हें हम पार करते हैं और उन रास्तों के बारे में है जिन्हें हम अपने बाद आने वालों के लिए खोलते हैं। अनुष्का ने कहा, 'भारत में जबरदस्त टैलेंट है और यहां की कहानियां दुनियाभर में सुने जाने के लायक हैं। मैं चाहती हूं कि हर युवा भारतीय यह समझे कि अपने देश को गर्व महसूस कराने के लिए उसे किसी खास ढांचे में फिट होने की जरूरत नहीं है। आप कहां से आते हैं, यही आपकी सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। आपके सपने कभी भी आपके हालात की वजह से सीमित नहीं होने चाहिए।

' अनुष्का लगातार इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट की दुनिया में नए मौके तलाश रही हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि उनका सफर दूसरे युवाओं को भी अपने सपनों पर भरोसा करने और ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा, ''मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे यह अनुभव मिल रहा है। मैं चाहती हूं कि ज्यादा से ज्यादा युवा भारतीयों को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। अगर मेरे सफर से किसी एक इंसान को भी खुद पर भरोसा करने और अपने सपनों की तरफ पहला कदम बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखेगा।''

एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए असली कामयाबी भारतीय कलाकारों को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान बनाते देखना है। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए असली उपलब्धि भारतीय टैलेंट को ग्लोबल स्टेज पर अपनी जगह बनाते देखना है। मुझे अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है और मैं चाहती हूं कि यह मौका सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि मुझसे बड़ी किसी चीज के लिए भी मायने रखे।''

## धनुष ने सोनम कपूर को बताया बेहतर सह-कलाकार



धनुष और सारा अली खान अपनी फिल्म 'अतरंगी रे' के प्रचार के लिए 'कॉफी विद करण' में आए। जब मेजबान और फिल्म निर्माता करण जौहर ने धनुष से पूछा कि उनके अनुसार बॉलीवुड में किसके साथ काम करना बेहतर रहेगा, सारा अली खान या सोनम कपूर, तो उन्होंने बिना सोचे समझे सोनम का नाम लिया। धनुष द्वारा सोनम का नाम लेते ही सारा ने जवाब दिया, 'वाह, बिल्कुल भी आपत्तिजनक नहीं।' धनुष ने बताया कि सोनम उनके लिए खास हैं क्योंकि वह बॉलीवुड में उनकी पहली सह-कलाकार थीं। उन्होंने आगे कहा कि सोनम ने उन्हें बेहद सहज महसूस कराया। धनुष ने कहा, 'मैं 'अतरंगी रे' के सेट पर सारा की दयालुता, मधुरता और मस्ती को कम नहीं आंकना चाहता, सोनम, क्योंकि वह बहुत खास थीं। वह हिंदी फिल्मों में मेरी पहली सह-कलाकार थीं और दक्षिण से आकर यहां काम करने वाले एक व्यक्ति के तौर पर उन्होंने मुझे बहुत सहज महसूस कराया और मेरे प्रति बहुत दयालु रहीं। मैं इसके लिए उनका बहुत आभारी हूं।, 'अतरंगी रे' के बारे में बात करते हुए धनुष ने स्वीकार किया कि उन्हें इस बात की चिंता थी कि क्या सारा रिंकू का किरदार निभा पाएंगी।

# Todays Shining Stars

facebook के बिखरे मोती

yugdharmanagpur@gmail.com



## करवा चौथ विशेष...



सुधा उपाध्याय द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



तुषार कोठारी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



आरती खुंगर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



रोशनी आशीष मिश्रा द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



भारती शाहू द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



ईशा मित्तल द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



साक्षी वाजपेयी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



जान्हवी तिवारी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



नेहा देवांगण द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



पूजा वाजपेयी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



प्रियंका शाहू द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



रविनीश पांडेय द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



प्रदीप पी. द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



प्रियंका शक्ति ठाकुर द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर।



# जन्म-जन्मांतर का अटूट बंधन

दूध का गिलास हाथ में थमाते हुए श्रीमती जी बोलीं- हे प्राणनाथ! आपकी एक्सपायरी डेट नजदीक आ रही है, यानि पति परमेश्वर कहलाने की वेलिडिटी खत्म होने जा रही है, इसलिए इसे जल्दी ही रिचार्ज करा लें और खुद के साथ-साथ बच्चों को अनाथ होने से बचाएँ। श्रीमती जी की दिल दहलाने वाली भविष्यवाणी सुनकर दूध का छलकता हुआ गिलास मेज पर रख हकलाते हुए मैं बोला-आपको कैसे पता चला कि मेरी डेट एक्सपायरी होने वाली है। क्या किसी ज्योतिषी बाबा ने ऐसा कहा? वो बोलीं- नहीं, मैं किसी ढोंगी पाखंडी बाबा में विश्वास नहीं करती और ना ही किसी होनी-अनहोनी से डरती हूँ।

दरअसल पति परमेश्वर कहलाना एक साल का लिमिटेड ऑफर होता है, जिसे हरसाल रिचार्ज करवाना पड़ता है, जिसकी वेलिडिटी करवाचौथ तक होती है। अतः आपको पूर्व सूचना दी जा रही है कि वेलिडिटी खत्म होने से पूर्व यानि करवाचौथ से एक दिन पूर्व अपना पति परमेश्वर कहलाने वाला प्लान रिचार्ज करवा लें, अन्यथा डेट एक्सपायरी के बाद आपकी ये सुविधा मजबूरन बंद करनी पड़ेगी। हाँ, ऑफर प्लान में दी जाने वाली सुविधाएँ भी ध्यान से जरूर सुनें। पहला प्लान- सुपर से ऊपर प्लान। इसके अंतर्गत आपको डायमंड ज्वेलरी, सुंदर-साड़ी, मेकअप का फुल सामान और वीकेंड पर अच्छे होटल में खाना उपलब्ध कराना होगा. इसके बदले आपको सभी आधुनिक आपकी इच्छानुसार सुविधाएँ दी जाएँगी। साथ ही आपके बच्चों के लालन-पालन की पूर्ण जिम्मेदारी निभाने का पक्का वायदा। दूसरा प्लान- सेविंग ऑफर। इसके अंतर्गत आपको स्वर्णाभूषणों का सेट, ठीक-ठाक साड़ी, कुछ मेकअप का सामान और महीने में एक बार किसी रेस्टोरेंट में खाना खिलाना होगा। इसके बदले आपको समय पर रोटी-पानी, सिर्फ दो बार चाय, साफ-सुथरे कपड़े और आपके बच्चों की देखभाल जैसी प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाएगी।

तीसरे इकॉनॉमी प्लान में आपको सिल्वर या आर्टिफिशियल ज्वेलरी, डेली यूज की साड़ी के साथ-साथ शादी की सालगिरह पर कहीं भी बाहर ढाबे पर खाना खिलाना होगा। इसके बदले आपको रोटी,पानी, चाय मिल जाएगी, कपड़े आपको बाहर से धुलवाने होंगे या खुद धोने होंगे। हाँ, बच्चों की जिम्मेदारी निभाने में आपको पूरा सहयोग करना होगा। अंतिम और सबसे सस्ता कामचलाऊ रिचार्ज-आपको सिर्फ पति कहलाने का अधिकार दिया जाएगा। इसमें आपको कोई खास फरमाइशों की पूर्ति नहीं करनी पड़ेगी।बाई के हाथ का बना खाना आपको स्वयं लेकर खाना होगा। चाय खुद के लिए और मेरे लिए आप ही को बनानी होगी।इसके अलावा मुझसे आप किसी अन्य सुविधा की उम्मीद करने की भूल न करें।


अपनी क्षमता और इच्छानुसार उपर्युक्त ऑफर्स में से आप कोई भी ऑफर चुन सकते हैं। रिचार्ज के अनुसार सुविधाओं की पूरी गारंटी। समय से पूर्व यदि आपने रिचार्ज नहीं करवाया तो आपकी सारी सुविधाएँ बंद करना हमारी विवशता होगी। फिर आपको अपने सारे काम स्वयं ही करने होंगे।और हाँ, घर का कोई भी सदस्य आपसे बात तक नहीं करेगा। तब आप पड़े रहेंगे सब्जी मंडी के किसी एक कोने में सड़े हुए खरबूजे की तरह और फिर कोई भैंस आपको सूँघने तक नहीं आएगी।अब निर्णय लेना आप पर निर्भर है।

श्रीमती जी के ऑफर प्लान की सूची सुनकर मैं कब लंबलेट हो गया, मुझे पता ही नहीं चला। शायद मैं मूर्छावस्था में चला गया होऊँगा क्योंकि श्रीमती जी द्वारा मुँह पर पानी के छींटे मारने के बाद ही मेरी आँखें खुलीं। मेरे सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं-यार, मैं तो मजाक कर रही थी। इतना-सा भी ठुल्लू नहीं झेल सकते, पति के रूप में कैसे परमेश्वर हो जनाब।

विवाह कोई सामयिक समझौता थोड़े ही है, जिसमें शर्तों का बोझा लादा जाए। यह तो जन्म-जन्मांतर का अटूट बंधन है, जिसमें जिम्मेदारियों को निभाना बोझ नहीं माना जाता। प्यार का आदान-प्रदान शर्तों पर नहीं भावनाओं से स्वेच्छापूर्वक किया जाता है।इन भावनाओं को आज की संवेदनशून्य पीढ़ी क्या समझेगी। श्रीमती जी की संवेदनशील आत्मीयता और असीम प्यार देखकर मेरा हृदय गदगद हो उठा और स्वयं को गौरवान्वित समझने लगा।सचमुच इसी को कहते हैं पति-पत्नी का अटूट बंधन।

**-डॉ. शशिकांत शर्मा, नागपुर**

# सूखे के बीच आग का कहर



## दो परिवारों के मकान जलकर खाक

**संवाददाता**

**यवतमाल।** जिले के दारव्हा तहसील के लोही गांव में दो मकानों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ। इस घटना में विश्वनाथ नथुजी तायडे और तुलसाबाई लक्ष्मण इंगोले के घरों का गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पहले से ही सूखे की मार झेल रहे दोनों परिवारों पर इस हादसे से आर्थिक संकट और गहरा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही दारव्हा नगर परिषद का अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद उपसरपंच राजू हलदे, सरपंच संजय शिंदे तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

इस दौरान ग्राम पंचायत सदस्य छाया दीपक डेरे, पुलिस पाटिल राम बुडे, आशिष ढोले सहित ग्रामीण मौजूद थे। उपसरपंच राजू हलदे ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए अपनी ओर से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ईस आग के कारण पिडीत परिवारो पर बडा संकट छा गया है

# 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर: आफ्टर डार्क' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** स्कूल की घंटी बज चुकी है, मुकाबला कड़ा हो गया है, और कैंपस में एक कातिल घूम रहा है-एक ऐसी कहानी जिसने तुरंत सबका ध्यान खींच लिया है। जियोहॉटस्टार ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर: आफ्टर डार्क' का ट्रेलर रिलीज़ किया है, जो दर्शकों को सेंट टेरेसा के जाने-पहचाने गलियारों में वापस ले जाता है-एक ऐसी जगह जहाँ महत्वाकांक्षा, आपसी प्रतिद्वंद्विता और सबसे बेहतर बनने की होड़ एक खतरनाक मोड़ ले लेती है। एक रहस्यमयी मौत के इर्द-गिर्द घूमती यह सीरीज़ महत्वाकांक्षा, जलन और मर्डर मिस्ट्री को एक साथ पिरोती है-एक ऐसी दुनिया में, जहाँ हर किसी के पास जीतने की कोई न कोई वजह है और दांव पर सब कुछ लगा है। जब सेंट टेरेसा की 'क्वीन बी' (सबसे लोकप्रिय छात्रा) आयशा मलिक (शनाया कपूर) मृत पाई जाती है, तो उसकी जुड़वां बहन अदिति (शनाया कपूर) इसे महज एक हादसा मानने से इनकार कर देती है। सच का पता लगाने के लिए, अदिति उसी स्कूल में दाखिला लेती है और बेहद कड़े मुकाबले वाले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' कॉन्टेस्ट में शामिल हो जाती है। जल्द ही उसे पता चलता है कि उसकी बहन के सबसे करीबी दोस्त ही असल में उसके सबसे बड़े दुश्मन थे। कातिल तक पहुँचने के लिए, अदिति को टॉप पर पहुँचने के लिए हर मुमकिन कोशिश करनी होगी-अपनी जगह पक्की करनी होगी, इस बेरहम माहौल में खुद को बचाए रखना होगा और अंत में, जीत हासिल करनी होगी।

# आई-चूज का नया कैंपेन

**मुंबई।** भारत की पहली ओव्यूलेशन टेस्टिंग किट आई-चूज ने अपना नया कैंपेन 'द प्री-प्रेग्नेंसी टेस्ट' लॉन्च किया है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। इसे मैक्केन इंडिया ने तैयार किया है, जो ओमनीकॉम एडवर्टाइजिंग इंडिया का हिस्सा है। यह कैंपेन कंसीव करने की कोशिश कर रहे कपल्स को अंदाजों के भरोसे रहने के बजाय कंसीव करने का सही समय बेहतर ढंग से समझने के लिए प्रेरित करता है। ज्यादातर कपल्स प्रेग्नेंसी टेस्ट से वाकिफ हैं, जिसे कंसीव करने की कोशिश के बाद किया जाता है। लेकिन उस टेस्ट के बारे में बहुत कम लोग सोचते हैं, जो इससे पहले किया जा सकता है। आई-चूज ओव्यूलेशन टेस्टिंग किट को 'द प्री-प्रेग्नेंसी टेस्ट' के रूप में पेश करके यह कैंपेन ओव्यूलेशन टेस्टिंग को समझना आसान बनाता है और बेबी प्लान कर रहे कपल्स के लिए इसकी अहमियत भी बढ़ाता है। घर पर किया जाने वाला यह टेस्ट कंसीव करने के ५ सबसे सही दिनों की पहचान करने में मदद करता है, जिससे कपल्स समय को लेकर ज्यादा सोच-समझकर फैसला ले पाते हैं।

# डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया ने दिवाली में खुशियों का रंग भरा

**मुंबई।** दुनिया की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष त्योहारी छूट के साथ दिवाली का उत्सव मना रही है। सीमित अवधि के लिए उपलब्ध यह ऑफर १४ नवंबर २०२६ तक मान्य है। इसके तहत ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू शिपमेंट पर ६०% तक की छूट मिलेगी। जो ग्राहक भारत और दुनिया भर में अपने परिवारजनों और प्रियजनों को उपहार, मिठाइयाँ और त्योहार की शुभकामनाएँ भेजना चाहते हैं, वे डीएचएल की वेबसाइट (डीएचएल.कॉम) पर या डीएचएल सर्विस पॉइंट पर प्रोमोशन कोड फेस्टीव्हल६० का उपयोग कर सकते हैं।

ग्राहक डीएचएल गोग्रीन प्लस सेवा का विकल्प भी चुन सकते हैं। यह सेवा सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) के उपयोग के माध्यम से उनके शिपमेंट से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में सहायक है। बुक एंड क्लेम तंत्र के माध्यम से एसएएफ के पर्यावरणीय लाभों को इसमें भाग लेने वाले शिपमेंट के लिए आवंटित किया जाता है।

# कल वक्तृत्व प्रतियोगिता, पुस्तक प्रदर्शनी और व्याख्यान

**संवाददाता**

**यवतमाल।** पूर्णयोग के प्रणेता और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी योगी श्रीअरविंद के पांडिचेरी आश्रम की स्थापना के १०० वर्ष पूर्ण होने तथा वंदे मातरम् गीत के १५० वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में योगी श्रीअरविंद केंद्र, यवतमाल की ओर से रविवार, १ नवंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दाते कॉलेज के सभागार में सुबह १० बजे स्कूली विद्यार्थियों के लिए वक्तृत्व प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के विषय योगी श्रीअरविंद, श्रीमाताजी और वंदे मातरम् रखे गए हैं। कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के प्रत्येक स्कूल एवं महाविद्यालय से दो विद्यार्थी किसी एक विषय पर तैयारी कर प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इसी अवसर पर सुबह ८ बजे से स्वर्गीय सुरेश चोपड़े के संग्रह से योगी श्रीअरविंद के जीवन एवं कार्यों पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी सभी नागरिकों के लिए खुली रहेगी और दिनभर देखी जा सकेगी। शाम ५ बजे सुप्रसिद्ध वक्ता डॉ. भारती सुदामे तथा नागपुर के प्रबोधनकर्ता मनोहर ढोक योगी श्रीअरविंद के जीवन एवं कार्यों पर विचार व्यक्त करेंगे। आयोजकों ने शहर के नागरिकों से सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर लाभ लेने की अपील की है।

# प्रोजेक्ट स्कूल संसद २०२६-२७ के

**पुणे।** दीपस्तंभ चॅरिटेबल ट्रस्ट के 'स्कूल संसद' इस अनोखे शैक्षणिक उपक्रम की २०२६-२७ एडिशन की घोषणा की गई है. इसकी शुरुआत दिसंबर २०२६ में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में आयोजित क्षेत्रीय प्रारंभिक चरणों से होगी. इस प्रतियोगिता के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ १५० विद्यार्थी प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा. पिछले १३ वर्षों से यह उपक्रम कक्षा ८वीं और ९वीं के विद्यार्थियों को लोकशाही और संसदीय प्रणाली का प्रत्यक्ष एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर रहा है।

'स्कूल संसद' विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जहाँ वे स्वयं सांसदों और विधायकों की भूमिका निभाते हुए सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं और नीति निर्माण की प्रक्रिया को समझते हैं। यह केवल एक वक्तृत्व प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के 'न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता' जैसे मूल्यों को सहेजने के लिए समर्पित एक पहल है।

## दिव्यांग के हक पर SBI की कुंडली: गैर जमानती वारंट पर हाजिर हुए मैनेजर, मुचलके पर रिहाई

# ८ साल की बेबसी, एक वारंट में इंसाफ







▸▸ जिला प्रतिनिधि

**गोंदिया।** रेल हादसे में अपना एक हाथ गंवाने वाले एक बेबस नागरिक के हक का पैसा दबाए बैठी 'भारतीय स्टेट बैंक' (SBI) को आखिरकार उपभोक्ता आयोग के आगे झुकना ही पड़ा।

उपभोक्ता संरक्षण कानून की धारा ७२ के तहत जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) की तलवार लटकते ही ३० अक्टूबर शुक्रवार को एसबीआई गोंदिया शाखा के मुख्य प्रबंधक अरविंद कुमार आयोग के कटघरे में हाजिर हुए।

आदेश की अवहेना पर आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रबंधक को १५,००० रुपये के व्यक्ति गत मुचलके (PR Bond) पर रिहा किया और मामले की अगली सुनवाई १० दिसंबर २०२६ तय करते हुए 'प्ली-रिकॉर्ड' दर्ज करने व नियमित जमानत पेश करने का आदेश सुनाया है।

अदालती डंडे का असर यह हुआ कि बैंक प्रबंधन ने आज ही पीड़ित पवन तिवारी को ६,८६,५६८ रुपये (छह लाख छियासी हजार पांच सौ अड़सठ रुपये) का डिमांड ड्राफ्ट/धनादेश आयोग के समक्ष सौंप दिया, जिसे पीड़ित ने स्वीकार कर लिया।

### एफडी बनाई नहीं, करता रहा बैंक टालमटोल

गोंदिया के गणेशनगर इलाके के निवासी पवन श्रावण तिवारी ३ जनवरी २०१५ को ट्रेन हादसे में अपना एक हाथ हमेशा के लिए खो बैठे थे।

रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल (आरसीटी), नागपुर ने २०१७ में उन्हें ४.८० लाख रुपये का मुआवजा मंजूर किया था, जिसमें से ३ लाख रुपये की एफडी ५ साल के लिए बनाने का आदेश था। मध्य रेलवे ने जनवरी २०१८ में ही ३ लाख रुपये का चेक एसबीआई गोंदिया शाखा को भेज दिया था।

लेकिन संवेदनहीनता की हद देखिए-बैंक ने यह एफडी बनाई ही नहीं! हद तो तब हो गई जब २०२२ में बैंक ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि चेक भुनाए जाने का कोई रिकॉर्ड ही नहीं है।

### आयोग के आदेश पर भी नहीं पसीजा बैंक प्रशासन

पीड़ित की शिकायत (क्र. २२/१०२) पर जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग (अध्यक्ष वैशाली गजभिये, सदस्य अतुल आलसी और संजय जोशी) ने १६ जनवरी २०२५ को बैंक व रेलवे को ४५ दिनों के भीतर २०१८ से ब्याज सहित एफडी बनाने, २५ हजार मानसिक संताप व १० हजार कानूनी खर्च चुकाने का सख्त फैसला सुनाया था। बार-बार आवेदन देने के बावजूद बैंक टालमटोल करता रहा।

जून २०२५ में पीड़ित ने धारा ७२ के तहत निष्पादन याचिका (ईए-१९/२०२५) लगाई।

### गैर जमानती वारंट जारी होते ही खुला ८ साल का राज़

१३ अगस्त २०२६ को मध्य रेलवे ने एसबीआई मुंबई मुख्य शाखा का पत्र पेश कर बैंक के झूठ का पर्दाफाश कर दिया कि चेक २०१८ में ही क्लियर होकर गोंदिया शाखा के खाते में जमा हो चुका था।

आदेश की खुली अवहेलना देख आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए शाखा प्रबंधक के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया। वारंट की तामीली के डर से प्रबंधक शुक्रवार को अपने वकील के साथ आयोग में पेश हुए।

### कोर्ट के खौफ से खुली तिजोरी , थमाया चेक

३० अक्टूबर को सुनवाई के दौरान आरोपी प्रबंधक की ओर से एडवोकेट पराग तिवारी ने वकालतनामा और व्यक्तिगत मुचलका पेश किया, जिसे मंजूर करते हुए आयोग ने १५,००० रुपये के बॉन्ड पर रिहाई दी। साथ ही बैंक द्वारा पेश ६,८६,५६८ रुपये का धनादेश पवन तिवारी को दिलवाया गया। आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रबंधक को १० दिसंबर २०२६ को अपनी नियमित जमानत देनी होगी और उसी दिन उनका बयान प्ली-रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। उधर, पीड़ित पक्ष अब आरटीआई के जरिए यह पता लगाने में जुटा है कि ८ साल तक दिव्यांग का पैसा दबाने के पीछे आखिर कौन सा बैंक अधिकारी जिम्मेदार था।

पीड़ित दिव्यांग की ओर से जिला ग्राहक तक्रार निवारण अयोग में पैरवी एडवोकेट संदीप खाटेड तथा एडवोकेट अनिता दास ने की।

## कुएं में गिरकर युवक की मौत

**गोंदिया।** अर्जुनी मोरगांव तहसील के ग्राम मोरगांव निवासी मिलन विनोद मेश्राम (२६) यह २९ अक्टू. के सुबह ९ बजे ग्राम निलज स्थित खेत में धान फसल की देखरेख के लिए गया था, इस दौरान संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में जा गिरा और डूबने से उसकी मौत हो गई। दोपहर १ बजे युवक का शव कुएं से निकाला गया।

घटना की जानकारी फिर्यादी प्रदीप विनोद मेश्राम (२३) ने अर्जुनी मोरगांव पुलिस को दी। इस संदर्भ में धारा १९४ का मर्ग दर्ज किया गया है।

## मजदूर की सीढ़ी से गिरकर मौत

**गोंदिया।** आमगांव तहसील के ग्राम धामनगांव निवासी शैलेंद्र बिरबल लांजेवार (२५) यह २८ अक्टू. को मजदूरी के काम पर गया था, काम करते वक्त अचानक वह लोहे की घोडी (सीढ़ी) से नीचे गिर पड़ा। उसे तत्काल उपचार हेतु ग्रामीण अस्पताल आमगांव ले जाया गया जहां डॉक्टरों से उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी फिर्यादी वामन आसाराम लांजेवार (५२) ने आमगांव पुलिस को दी जिसके आधार पर धारा १९४ का मर्ग दाखिल किया गया है।

## अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत

**गोंदिया।** रावणवाड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम निलज निवासी नारायण रुपचंद बावनथड़े (४३) की २३ अक्टू. के तड़के अचानक तबीयत बिगड़ गई जिसपर उसे जिला केटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में अस्पताल द्वारा जारी मेमो की जानकारी शहर पुलिस की ओर से रावणवाड़ी पुलिस को दी गई है।

## बीचबचाव करना भारी पड़ा

अपराध संवाददाता

**गोंदिया।** रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कटंगीकला निवासी फिर्यादी गणेश शालिकराम बिसेन यह २७ अक्टू. के रात १०.४५ बजे गांव के चौक पर खड़ा था तभी मौहल्ले के ३ युवक- चेतन रमेश बनकर (२४), आदी राजेश बोरकर (२१) तथा लिकेंद्र रमेश बनकर (१९ तीनों निवासी सुभाष चौक कटंगीकला) यह आपस में झगड़ा कर रहे थे, जिसपर फिर्यादी बीचबचाव करने गया लेकिन तीनों आरोपियों ने फिर्यादी को पैर फंसाकर नीचे गिरा दिया और एक ने लोगे के कड़े से उसके सिर पर वार करते हुए जख्मी कियाऔर अन्य ने लात मुक्कों से मारपीट की, इस प्रकार की दर्ज शिकायत पर रामनगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ अ.क्र. ५८७/२६ की धारा ११८ (१), ३ (५) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा ने खोला चोरी का राज

### चोरी की मोपेड लेकर घूम रहा था, पुलिस ने दबोचा

अपराध संवाददाता

**गोंदिया।** दुपहिया चुराने के बाद उसकी पहचान छुपाने के लिए शातिर ने मोपेड की नंबर प्लेट तो हटा दी लेकिन पुलिस की नजरों से वह ज्यादा देर बच नहीं सका।

संदिग्ध अवस्था में बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा लेकर घूम रहे २३ वर्षीय युवक को जब पुलिस ने रोका तो मोपेड चोरी का पर्दाफाश हो गया।

शहर के नगर परिषद चाल से चुरायी गई मोपेड पुलिस ने २४ घंटे के भीतर बरामद करते हुए शातिर को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेठ सूरजमल बगीचा (मालवीय वार्ड) निवासी फिर्यादी रागिणी कैलाश अंदानी की ग्रे रंग की होंडा एक्टिवा क्रमांक एमएच-३५/एएम-३९८९ यह उनके पति ने नगर परिषद चॉल



स्थित गोदाम के पास खड़ी थी।

२६ अक्टूबर २०२६ की शाम ७.३० से ८.३० बजे के बीच अज्ञात चोर उसे चुराकर ले गया। काफी तलाश के बाद भी वाहन का पता नहीं चलने पर फिर्यादी ने गोंदिया शहर पुलिस थाने में २८ अक्टूबर को धारा ३०३ (२) के तहत मामला दर्ज कराया।

### गश्त के दौरान पुलिस के हाथ लगा सुराग

२९ अक्टूबर को पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में डीबी पथक के कर्मचारी थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्रभु रोड स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा के साथ दिखाई दिया, जिसपर पुलिस ने उसे रोक लिया।

इस दौरान संदेह होने पर जब मुशीर मुनीर शेख (२३, निवासी गोविंदपुर, गोंदिया) के पास मौजुद एक्टिवा की जांच की गई तो वह हाल ही में चोरी गई फिर्यादी रागिणी अंदानी की मोपेड निकली।

पुलिस ने एक्टिवा जब्त कर २४ घंटे के भीतर मोपेड चोरी का केस सुलझा लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी दिनेशचंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे, सपोनि संदीप मडावी, नहिला पाउपनि, प्रियंका बैस सहित सउपनि कवलपालसिंग भाटिया, पो.ह. सुदेश टेंभरे, निशिकांत लोंदासे, कमलेश शहारे, दिनेश बिसेन, सुभाष सोनवाने, अशोक रहांगडाले, मुकेश रावते, प्रमोद शेंडे, सोनू नागपुरे, राकेश बंजारे, अजय बोपचे और राकेश डोंगरवार ने भूमिका निभाई।



## दिनदहाड़े बाइक चुरा ले गए

**गोंदिया।** गोरेगांव तहसील के ग्राम प्रितीश सुरेश शहारे (२६) ने अपने मालकीयत की मोटर साइकिल २३ अक्टूबर के दोपहर २ बजे अपने रिश्तेदार विजय शहारे (निवासी तुमसर) के घर के सामने आंगन में खड़ी की थी और स्वंय खेत में धान फसल की देखरेख के लिए गया था। १ घंटे पश्चात जब वह वापस आया तो बाइक (क्र. एम.एच ३५- ए.क्यू. ६२८८) नदारद थी किसी अज्ञात ने दिनदहाड़े मौका पाकर फिर्यादी की दुपहिया चुरा ली।

फिर्यादी ने २९ अक्टू. को गोरेगांव थाने में बाइक चोरी की शिकायत अ.क्र.६८२/२६ की धारा ३०३ (२) के तहत दर्ज करायी है। आगे की जांच पो.ह. कोडापे कर रहे है।

## नाबालिग ने ८० हजार नगद चुराए

**गोंदिया।** तिरोड़ा तहसील के ग्राम संत रविदास वार्ड निवासी फिर्यादी विजय घोलु खरोले (२५) यह २९ अक्टूबर के सुबह ५ बजे घर पर मौजुद था, इस दौरान फिर्यादी के खुले घर के दरवाजे से मौहल्ले के निवासी आरोपी कुणाल (१७) ने प्रवेश किया और दीवार के कीले पर टंगे के जेब से ८० हजार रुपये निकाल लिए जिसपर फिर्यादी ने उसका हाथ पकड़ा लेकिन आरोपी हाथ छुड़ाकर ८० हजार रुपये लेकर भाग निकला।

इस प्रकरण में तिरोड़ा पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ अ.क्र. १०८७/२६ की धारा ३०५ (ए) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पथनाट्य के जरिए भ्रष्टाचार के खिलाफ गूंजा जागरूकता का संदेश



नगर संवाददाता

**गोंदिया।** भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल सरकारी व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही इसे अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है, इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार प्रतिबंधक विभाग, गोंदिया की ओर से दक्षता जनजागृति सप्ताह के तहत शहर में विशेष जनजागरण अभियान चलाया गया।

इस उपक्रम में एन.एम.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने पथनाट्य के माध्यम से नागरिकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया। ३० अक्टूबर को आयोजित इस अभियान के तहत गोंदिया के मध्यवर्ती बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक और रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर विद्यार्थियों ने पथनाट्य प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

पथनाट्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि रिश्वत देना और लेना, दोनों कानूनन अपराध हैं। यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी शासकीय काम कराने के एवज में रिश्वत की मांग करता है, तो डरने या मजबूरी में पैसे देने के बजाय भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुति को नागरिकों का उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिला।

इस पहल के जरिए युवाओं में भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ आम नागरिकों तक भ्रष्टाचार उन्मूलन का संदेश भी पहुंचाया गया।

# ट्रेन के एसी कोच में रात ६ घंटे बंद रहेंगे चार्जिंग पाइंट

नगर संवाददाता

**गोंदिया।** रेल यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ट्रेनों के वातानुकूलित (एसी) कोचों में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के चार्जिंग पॉइंट की बिजली आपूर्ति रात के समय बंद रखने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब रात ११ बजे से सुबह ५ बजे तक एसी कोचों के चार्जिंग पॉइंट काम नहीं करेंगे।

रेलवे द्वारा यह व्यवस्था चार्जिंग के दौरान होने वाली संभावित विद्युत दुर्घटनाओं और अन्य जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से लागू की जा रही है।

विशेष रूप से रात के समय यात्रियों के सोने के दौरान मोबाइल, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्जिंग पर लगाने से उत्पन्न होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकना इसका प्रमुख उद्देश्य है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस निर्धारित समय का ध्यान रखें और रात ११ बजे से सुबह ५ बजे तक अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चार्जिंग पर न लगाएं। साथ ही रेलवे प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है।

रेलवे का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस व्यवस्था को सफल बनाने में यात्रियों का सहयोग और सतर्कता बेहद जरूरी है, ताकि रेल यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

## जिले में मनाई आदेश लागू

**गोंदिया।** १ नवंबर को ओबीसी संगठन की ओर से मोर्चा निकाला जाएगा। वहीं, ६ से ११ नवंबर तक दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। इन दौरान जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं।

अतिरिक्त जिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे ने ३० अक्टूबर से १३ नवंबर तक पूरे गोंदिया जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी अधिसूचना की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मालवाहक ने बाइक सवार को उड़ाया

अपराध संवाददाता

**गोंदिया।** गोंदिया से तिरोड़ा जाने वाले मार्ग पर ग्राम एकोड़ी के निकट एक तेज रफ्तार मालवाहक ने बाइक सवार दम्पति को उड़ा दिया। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर जख्मी हुआ है।

पुलिस ने जानकारी देते बताया कि, छोटा गोंदिया (चुलोद रोड) के छोटा गोंदिया निवासी फिर्यादी सौ. भुमिता संजयकुमार गजबे (३८) यह अपने पति संजयकुमार देवाजी गजबे (४२) के साथ बाइक पर सवार होकर तिरोड़ा से गोंदिया की ओर जा रहे थे, इसी दौरान एकोड़ी से गोंदिया की ओर आ रही पिकअप गाड़ी के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन दौड़ाकर एकोड़ी के निकट बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे फिर्यादी महिला का पति संजयकुमार गंभीर जख्मी हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित फरार हो गया।

इस संदर्भ में फिर्यादी की रिपोर्ट पर गंगाझरी पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अ.क्र. ५१७/२६ की धारा २८१, १२५ (अ), सहकलम १८४, १३४ (अ), (ब) मोवाका के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## सूखे की आहट से पहले पशुधन बचाने की तैयारी



नगर संवाददाता

**गोंदिया।** संभावित सूखे और जलसंकट की आहट के बीच इस बार जिला प्रशासन ने केवल इंसानों की प्यास बुझाने ही नहीं, बल्कि बेजुबान पशुओं की जिंदगी बचाने की भी तैयारी शुरू कर दी है। गर्मी के दिनों में पशुधन को चारे और पानी के लिए भटकना न पड़े तथा चारा छावनियां शुरू करने की नौबत न आए, इसके लिए प्रशासन ने वित्तीय वर्ष २०२६-२७ का चारा एवं जल नियोजन आराखड़ा तैयार किया है। इसके मुताबिक जिले के ४ लाख ७८ हजार १४८ पशुधन को जीवित रखने के लिए प्रतिदिन १ करोड़ ११ लाख ८६ हजार लीटर पानी और करीब १,९८० मीट्रिक टन चारे की आवश्यकता होगी।

### जिले में ४.७८ लाख पशुधन, पानी की बड़ी जरूरत

२१ वीं पशुगणना के अनुसार गोंदिया जिले में कुल ४,७८,१४८ पशुधन है। इनमें २,४७,३१० गाय एवं भैंस वर्ग के बड़े पशु, ३२,७२४ छोटे पशु तथा १,९७,११४ बकरियां और भेड़ शामिल हैं। सूखे की स्थिति में शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक बड़े पशु को प्रतिदिन ४० लीटर, छोटे पशु को १५ लीटर तथा बकरी-भेड़ को ४ लीटर पानी की आवश्यकता होगी। इस हिसाब से जिले में प्रतिदिन १.११ करोड़ लीटर पानी की व्यवस्था करनी होगी।

तहसील अनुसार देखें तो पानी की सर्वाधिक जरूरत गोंदिया में २७,३६,८५४ लीटर और तिरोड़ा में २२,४७,१०७ लीटर प्रतिदिन होगी। गोरेगांव में १२,३७,१४२ लीटर तथा अर्जुनी मोर. में सबसे कम ५,८१,३८७ लीटर पानी की जरूरत होगी।

### तिरोड़ा में सर्वाधिक पशुधन

जिले में पशुधन की संख्या के लिहाज से तिरोड़ा तहसील सबसे आगे है, यहां १,०२,४८५ पशुधन दर्ज है। गोंदिया में १,१२,३३०, गोरेगांव में ५०,१०४, आमगांव में ४९,२०४, सालेकसा में ३८,३५७, देवरी में ५३,७१५, सड़क अर्जुनी में ४३,५३२ तथा अर्जुनी मोरगांव में २८,४२१ पशुधन है।

पानी के साथ पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था भी प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती है। निर्धारित मानकों के अनुसार गाय और भैंस को प्रतिदिन ६ किलो, छोटे पशुओं को ३ किलो तथा बकरी-भेड़ को २ से ३ किलो चारे की आवश्यकता होती है। इस आधार पर जिले में प्रतिदिन १,९७९.२६२ मीट्रिक टन और महीनेभर में ५९,३७७.८६ मीट्रिक टन चारे की जरूरत पड़ेगी।

प्रशासन के आकलन के मुताबिक जिले में खेतों की मेड़ों पर उपलब्ध चारा, वनक्षेत्र की घास, पड़ीत जमीनों पर उगने वाली घास, कृषि फसलों के अवशेष और चारा विकास योजनाओं के माध्यम से कुल ३,९९,४७६.८३३ मीट्रिक टन चारा उपलब्ध हो सकता है। हालांकि, कुल उपलब्धता पर्याप्त दिखाई देने के बावजूद गर्मी के मौसम में हरे चारे की कमी गंभीर समस्या बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अभी से विशेष उपाययोजना तैयार की है।

# प्रशासन का चारा- पानी प्लान तैयार

### ५ सूत्रीय उपाय योजना पर जोर

संभावित सूखे से निपटने के लिए प्रशासन ने पांच प्रमुख उपायों पर काम शुरू किया है। रबी मौसम में चारा उत्पादन बढ़ाने के लिए शासन से ३० लाख रुपये के अतिरिक्त निधि की मांग की गई है। वहीं जिला वार्षिक योजना के तहत ५० लाख रुपये के चारा बीज वितरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। विदर्भ-मराठवाड़ा दुग्ध विकास परियोजना के माध्यम से अब तक ६.५२ लाख रुपये के चारा बीज वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा २.६३ लाख रुपये के अतिरिक्त बीज वितरित किए जाएंगे।

वन विभाग के सहयोग से वनक्षेत्र में उपलब्ध घास और चारे का उपयोग करने की योजना भी बनाई गई है। कम पानी में तेजी से बढ़ने वाली और अधिक उत्पादन देने वाली ज्वार, बाजरा, मक्का तथा बरसीम जैसी चारा फसलों के बीज किसानों को नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही गांव-गांव में अस्थायी जलहौद बनाने, टैंकरों से पानी पहुंचाने और पशुओं के लिए पेयजल टंकियां भरने की व्यवस्था भी की जाएगी।

आमतौर पर सूखे की गंभीर स्थिति बनने के बाद चारा और पानी की व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक हलचल शुरू होती है, लेकिन इस बार अक्टूबर महीने में ही २०२६-२७ का नियोजन तैयार कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने तहसील स्तर पर पशुसंवर्धन विभाग को सतर्क रहने और जरूरत के अनुसार तत्काल उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी मंदार पत्की ने बताया कि हाल ही में हुई टंचाई निवारण समीक्षा बैठक में सभी पहलुओं पर विचार करते हुए जिला नियोजन के माध्यम से अतिरिक्त निधि की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा आगामी दिनों में लागू की जाने वाली उपाययोजनाओं पर भी प्रशासन की नजर है। जिले के नागरिकों, किसानों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## संपादकीय

# व्यापार घाटे की चुनौती

हाल में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे की चुनौती का सामना कर रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा वित्त वर्ष २०१५-१६ के ५२.५ अरब डालर से दोगुने से अधिक होकर २०२५-२६ में ११२ अरब डालर हो गया। हालांकि चीन को भारत के निर्यात में वृद्धि हुई है, लेकिन वहां से आयात की बड़ी मात्रा व्यापार घाटे को और बढ़ा रही है। चीन के साथ बढ़ते व्यापारिक असंतुलन के पीछे कई संरचनात्मक और नीतिगत कारक जिम्मेदार हैं। इसका प्रमुख कारण चीन की गैर-शुल्क बाधाएं हैं। वित्त मंत्री के अनुसार, चीनी प्रशासन के जटिल तकनीकी, स्वास्थ्य और गुणवत्ता मानक भारतीय वस्तुओं के चीनी बाजार में प्रवेश को बाधित करते हैं। भारत एक दशक से अधिक समय से अपनी जेनेरिक दवाओं, प्रसंस्कृत मांस और कृषि उत्पादों के लिए चीनी बाजार में उचित पहुंच की मांग करता रहा है। जबकि चीन घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने के लिए जटिल नियम लागू करता है। इसके चलते भारतीय निर्यातक प्रतिस्पर्धी कीमतों और गुणवत्ता के बावजूद चीनी बाजार में अपनी जगह नहीं बना पाते। इसके अलावा चीनी युआन की विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से भारतीय रुपये पर दबाव बढ़ता है। चीन के साथ व्यापारिक असंतुलन का एक अन्य पहलू 'मेक इन इंडिया' अभियान के बावजूद चीनी कच्चे माल और घटकों पर भारत की निर्भरता है। हालांकि भारत का घरेलू विनिर्माण क्षेत्र हाल के वर्षों में बढ़ा है, लेकिन औद्योगिक उत्पादन अब भी चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर है। भारत का इलेक्ट्रानिक्स उद्योग, डिस्प्ले पैनल, सोलर पीवी सेल, औषधीय कच्चा माल यानी एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रीडिएंट्स (एपीआई) और भारी औद्योगिक मशीनरी के लिए चीन से आयात पर निर्भरता बनी हुई है। इस निर्भरता के कारण भारत में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण बढ़ने के साथ चीनी कलपुर्जों का आयात भी बढ़ता है। साथ ही चीन ने दुर्लभ मृदा तत्वों, लीथियम और आधुनिक उर्वरकों के उत्पादन एवं निर्यात पर नियंत्रण स्थापित कर रखा है। ये संसाधन भारत के इलेक्ट्रानिक्स उद्योग, इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और कृषि क्षेत्र के लिए आवश्यक हैं। इनकी सीमित आपूर्ति और ऊंची कीमतों के कारण भारत को हर साल बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए केवल जवाबी सीमा शुल्क लगाना दीर्घकालिक समाधान नहीं है। इसके बजाय भारत को व्यापक रणनीति अपनानी होगी। इसकी पहली प्राथमिकता इलेक्ट्रानिक्स और सेमीकंडक्टर का घरेलू इकोसिस्टम विकसित करना होना चाहिए। भारत को अंतिम उत्पादों की असेंबलिंग के बजाय घटक स्तर पर निर्माण बढ़ाना होगा। जब तक प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, एडवांस्ड सेंसर, डिस्प्ले पैनल और सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन देश में शुरू नहीं होता, तब तक चीन पर निर्भरता समाप्त नहीं होगी। दूसरा कदम फार्मास्यूटिकल्स और बल्क ड्रग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है, लेकिन उसका दवा उद्योग एपीआइ के लिए ७० प्रतिशत तक चीन पर निर्भर है। यह निर्भरता रणनीतिक और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी जोखिम पैदा करती है। इस निर्भरता को कम करने के लिए देश में घोषित बल्क ड्रग पार्कों की स्थापना तेज करनी होगी और ४१ महत्वपूर्ण एपीआई के घरेलू उत्पादन के लिए प्रोत्साहन योजनाएं लागू करनी होंगी। साथ ही चीन की गैर-शुल्क बाधाओं का मुकाबला करने के लिए भारत को कूटनीतिक प्रयासों के साथ देश में क्वालिटी कंट्रोल आर्डर लागू करने होंगे। अमानक चीनी सामान की डंपिंग रोकने के लिए गुणवत्ता मानक तय करना जरूरी है, ताकि घरेलू विनिर्माताओं को प्रतिस्पर्धा का उचित माहौल मिल सके। भारत को आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने और 'फ्रेंड-शोरिंग' की नीति अपनानी होगी। क्रिटिकल मिनरल्स, दुर्लभ धातुओं और उच्च तकनीकी उत्पादों के लिए चीन पर निर्भरता घटाने के उद्देश्य से समान विचारधारा वाले देशों के साथ वैकल्पिक आपूर्ति नेटवर्क तैयार करना होगा। ग्रीन टेक्नोलाजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के विस्तार के दौर में यदि भारत ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा नहीं दिया तो जीवाश्म ईंधन के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम होने के बाद चीन से हरित प्रौद्योगिकी के आयात पर निर्भरता बढ़ सकती है। चीन से बढ़ता व्यापार घाटा केवल आयात-निर्यात का आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक स्थिरता, औद्योगिक क्षमता और रणनीतिक संप्रभुता से जुड़ा विषय है। इन प्रयासों से भारत चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता और व्यापार घाटे को चरणबद्ध ढंग से कम कर वैश्विक व्यापार में एक संतुलित और आत्मनिर्भर आर्थिक शक्ति के रूप में उभरेगा।

# किसानों को सिंचाई के लिए कुओं और बोरवेल के गहराईकरण की विशेष मामले के रूप में अनुमति दें

## सांसद अमर काले की मांग

**संवाददाता**

**वर्धा।** कम वर्षा के कारण जिले में किसानों के सामने सिंचाई के पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। जलस्तर नीचे चले जाने से पीने के पानी के साथ-साथ खेती के लिए भी पानी की किल्लत महसूस हो रही है। इस पृष्ठभूमि में किसानों को सिंचाई के लिए कुओं और बोरवेल के गहराईकरण की विशेष मामले के रूप में अनुमति दी जाए, ऐसी मांग सांसद अमर काले ने जिलाधिकारी, वर्धा को पत्र के माध्यम से की है।

कारंजा तहसील के किसानों के ज्ञापन का हवाला देते हुए सांसद काले ने मौजूदा स्थिति की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। जलस्तर नीचे चले जाने से किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, कपास और फसलों को बचाने के लिए पानी की सख्त जरूरत है। ऐसी स्थिति में पुराने कुओं और बोरवेल के गहराईकरण की अनुमति मिलना महत्वपूर्ण है, ऐसा उन्होंने उल्लेख किया।



कारंजा तहसील सूखा-प्रवण क्षेत्र के रूप में जाना जाता है और किसानों की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को वास्तविक स्थिति का जायजा लेना चाहिए। अपवादात्मक परिस्थिति में खेत, बागवानी और फसलों को बचाने के लिए और किसानों को खेती का नुकसान न हो, इसके लिए आवश्यक कुओं और बोरवेल के गहराईकरण की अनुमति देने के बारे में सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लिया जाए, ऐसी मांग भी सांसद अमर काले ने की है।

किसानों को राहत देने के लिए प्रशासन इस मांग पर गंभीरता से विचार कर तत्काल सकारात्मक निर्णय ले, ऐसा आह्वान सांसद काले ने किया है। इसके साथ ही उन्होंने सीमेंट सड़कों, सीमेंट नालियों के साथ-साथ सरकारी इमारतों, हाउसिंग सोसायटियों के निर्माण, नए बड़े घरों के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

# लंग आइसोलेशन तकनीक पर सीएमई और हैंड्स-ऑन वर्कशॉप

## दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज में आयोजन



**संवाददाता**

**नागपुर।** अदाणी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) के मार्गदर्शन में दत्ता मेघे मेडिकल कॉलेज के एसईएल और एससी के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग ने सोसायटी ऑफ कार्डियोथोरेसिक एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स नागपुर (डउ-छ) के सहयोग से खडजड-ढए २०२६ नामक सीएमई और प्रैक्टिकल वर्कशॉप का सफल आयोजन किया। इस कार्यशाला का विषय 'लंग आइसोलेशन टेक्नीक: प्रेडिक्ट, आइसोलेट और प्रोटेक्ट' था।

इस कार्यशाला में महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों से ६० प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टर, पोस्ट ग्रेजुएट छात्र और एनेस्थीसियोलॉजी विभाग के शिक्षक शामिल थे। इस कार्यशाला का उद्देश्य एक ही फेफड़े से सांस लेने की प्रक्रिया (वन-लंग वेंटिलेशन) और फेफड़ों को अलग रखने की तकनीकों के बारे में जानकारी और व्यावहारिक कौशल बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए और प्रतिभागियों को इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एआईएचईआर के मुख्य सेवा अधिकारी रवींद्र मेहरे, मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. निलेश अग्रवाल, एसएमएचआरसी के मुख्य रणनीतिक सलाहकार डॉ. अनुप मरार, एफएमटी विभाग के प्रमुख एवं प्रोफेसर डॉ. प्रकाश मोहिते, डउ-छ के अध्यक्ष डॉ. एस. के. देशपांडे, सिनियर एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ. भाऊ राजूरकर और डॉ. प्रतिभा देशमुख की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की प्रमुख एवं प्रोफेसर डॉ. अंजली मोडक बोरकर तथा आयोजन सचिव और डउ-छ की मानद सचिव डॉ. रुपाली शेंद्रे भी उपस्थित थीं।

इस कार्यशाला के वैज्ञानिक सत्रों का संचालन डॉ. वैशाली शेलगांवकर, डॉ. भाऊ राजूरकर, डॉ. केतकी रामटेके, डॉ. मनीष सोनकुसले, डॉ. सम्राट मदनाईक, डॉ. अवंतिका जयस्वाल और डॉ. यतीन खैरनार ने किया। इन सत्रों की अध्यक्षता डॉ. प्रतिभा देशमुख, डॉ. लुलू फातिमा वली, डॉ. हीना पाहुजा, डॉ. एस. के. देशपांडे, डॉ. मेघा ताजणे और डॉ. सोनाली खोब्रागडे ने की।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ. मनीष सोनकुसले, डॉ. गुंजन बडवाईक, डॉ. प्रियंका पराते, डॉ. सम्राट मदनाईक, डॉ. कीर्ति गुजरकर, डॉ. केतकी रामटेके, डॉ. भाऊ राजूरकर, डॉ. अवंतिका जयस्वाल, डॉ. प्राची कोरडे, डॉ. यतीन खैरनार, डॉ. रोशनी मनवानी और डॉ. अदीबा सिद्दीकी ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सांस लेने के मार्ग का अभ्यास कराने वाले मॉडल, लंग मॉडल और आधुनिक सिम्युलेटर की मदद से प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

# अदासा कोल यार्ड में आग से हड़कंप

**नागपुर।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सावनेर सब-एरिया अंतर्गत अदासा यूजी टू ओसी कोल यार्ड में आग की घटनाओं ने स्टॉक प्रबंधन और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप हैं कि पिछले तीन महीनों में कोल यार्ड-१ में आग लगने की घटनाएं हुई, वहीं कोल यार्ड-२ में पुराने आग प्रभावित कोयले को नए स्टॉक में मिलाया गया। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच जरूरी है। करीब २.५ लाख मीट्रिक टन कोयले के स्टॉक और लगभग १ लाख मीट्रिक टन कोयले के प्रभावित होने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि, इन आंकड़ों और पुराने कोयले के कथित मिश्रण की आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है। जांच में आग के कारण, वास्तविक नुकसान, स्टॉक रिकॉर्ड और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास : डॉ. प्रीति

## सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल सत्याश्रम में ४ दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का समापन



**संवाददाता**

**वर्धा।** स्कूली उम्र में बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। इस दौरान रखी गई देखभाल उनके भविष्य की एक मजबूत नींव बनती है। बच्चों को समय-समय पर अपनी आंखों, दांतों और सामान्य शारीरिक जांच करवानी चाहिए। ऐसे मौलिक विचार सेंट थॉमस इंग्लिश स्कूल की प्राचार्या डॉ. प्रीति सत्यम ने व्यक्त किए।वे सत्याश्रम स्कूल द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के समापन के अवसर पर बोल रही थीं। इस अ वसर पर संस्था के अध्यक्ष विजय सत्यम, सागर फोडेकर, वर्षा देशपांडे, संदीप जोशी, डॉ. अनुज मुंदड़ा, डॉ. ओमकार, डॉ. उपाध्याय, निलेश चिड़े, संदीप सुटे, विद्या शेंडे, प्रीति आसटकर आदि कई गणमान्य व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। स्कूल के छात्रों की जांच सेवाग्राम अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। इसमें बच्चों के कान, नाक, गला, आंखें, छाती, त्वचा आदि सभी चीजों की जांच की गई।

# कई कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली रवाना



**नागपुर।** राज्य के पूर्व मंत्री नितिन राऊत के नेतृत्व में उत्तर नागपुर के आसिफ शेख, अभिषेक शंभरकर, दिनेश यादव, गौतम अंबादे, रामजी उके, सतीश पाली, संतोष लोणारे, अकील अफ़सर, जलील अंसारी, सतीश चौकसे, इंद्रपाल वाघमारे, इमरान खान, बाबू भाई, वैभव खपडे, आशीष मेश्राम सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी, नगरसेवक व कार्यकर्ता दिल्ली रवानाहुए। वे कल १ नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में शामिल होंगे।

# रेल परियोजना के खनिज उत्खनन मामले में १४ माह बाद जांच के आदेश

## करोड़ों के राजस्व नुकसान का आरोप

**संवाददाता**

**यवतमाल।** वर्धा-यवतमाल-नांदेड़ रेल परियोजना के निर्माण में पुसद और उमरखेड़ तहसीलों में गौण खनिज के कथित अवैध उत्खनन से सरकार को करोड़ों के राजस्व नुकसान का आरोप लगाया गया है। इस मामले में अमोल कोमावार ने अगस्त २०२५ में तत्कालीन राजस्व मंत्री से शिकायत की थी। लेकिन शिकायत को जांच के लिए भेजने में १४ महीने लग गए। इस देरी पर कोमावार ने इसे सरकार की उदासीनता का गंभीर मामला बताया।

कोमावार के अनुसार, अवैध उत्खनन के कारण रॉयल्टी का नुकसान हुआ। शिकायत में राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए हैं। उनका आरोप है कि बार-बार मांग के बावजूद ईटीएस मापणी समय पर नहीं हुई। विधानसभा उपाध्यक्ष अण्णा बनसोडे के निर्देश पर हुई गिनती में भी शिकायतकर्ता को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने ईसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं।

कोमावार का दावा है कि ईटीएस रिपोर्ट में जिले में करीब १०० करोड़ रुपये के अवैध उत्खनन का खुलासा हुआ है, जबकि यवतमाल के १५ किलोमीटर क्षेत्र की रिपोर्ट अब भी लंबित है। कुछ रिपोर्ट मिलने के बावजूद पांच गुना दंड वसूली की कार्रवाई नहीं होने का आरोप भी उन्होंने लगाया। २८ अक्टूबर २०२६ को जमाबंदी आयुक्त एवं संचालक, भूमि अभिलेख कार्यालय ने अमरावती के उपसंचालक को पत्र भेजकर शिकायत की जांच और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। कोमावार ने सवाल उठाया कि करोड़ों के कथित राजस्व नुकसान से जुड़े मामले में जांच शुरू करने के लिए १४ महीने तक इंतजार क्यों किया गया। ईस पर गंभीर सवाल खड़े कर इसकी जांच की मांग की गई है

# वाहन चालक सुरक्षा नियमों का पालन करें

## दीपावली के शुभ अवसर पर समाजसेवी दीपक लालवानी की अपील

**संवाददाता**

**नागपुर।** आने वाले दीपावली त्योहार को देखते हुए दीपक एजेंसीज के संचालक दीपक लालवानी द्वारा जन जन में वाहन चालकों के लिए यातायात नियमों को लेकर जागरूकता लाने हेतु प्रयास करने की कोशिश की जा रही है।

लालवानी ने वाहन चालकों से विनती की है कि, मुख्य सड़क पर आने के पूर्व अपने वाहन की गति कम करे व देखकर ही सड़क पर आएं, कभी भी बांयी दिशा से ओवरटेक न करें। रात के समय मोड़ लेते वक्त पचास मीटर पूर्व से ही इंडिकेटर दें और दिन के समय मोड लेते वक्त हाथ से पूरा इशारा दें। इसी प्रकार चौराहा आने के पूर्व अपने वाहन को स्टॉप लाइन पर रोके तथा पार्किंग लाइट का उपयोग करें। गाड़ी चलाते ते समय दो वाहनों के बीच सुरक्षित अंतर रखें। रात्रि में गाड़ी चलाते वक्त डिपर का प्रयोग करें तथा हाईबीम लाइट का प्रयोग शहर के अंदर न करें। टेल लाइट तथा पार्किंग लाइट शुरू है या नहीं, वह निश्चित कर लें। दोपहिया वाहन



चालक हमेशा सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट का उपयोग करें और नो पार्किंग वाली जगह पर गाड़ी पार्क न करें। इसी प्रकार अपने वाहन को सड़क पर खड़ा करके सवारी न उतारे और न ही बैठाएं। हॉर्न का प्रयोग जरूरत पड़ने पर ही करें और ध्यान रखें कि हॉर्न की आवाज कर्कश न हो। प्रतिबंधित क्षेत्र में हॉर्न का उपयोग न करें। दोपहिया वाहन चलाते वक्त सिर्फ दो ही लोग वाहन पर बैठें। बच्चों को पेट्रोल टैंक पर न बिठाए अथवा प्लेटफॉर्म पर खड़ा न करें। वाहन चलाते समय गाड़ी की रफ्तार का उल्लंघन न करें और मोबाइल का उपयोग न करें।

फोर व्हीलर चालक सड़क पर वाहन खड़ा करके बिना पीछे देखे एकाएक दरवाजा न खोलें। फोर व्हीलर चलाते वक्त चालक व बाजू में बैठा व्यक्ति सीट बेल्ट का उपयोग करे। शराब अथवा अन्य नशा करके वाहन न चलाएं। वाहन चालक हमेशा अपने गाड़ी के कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, पीयूसी सर्टिफिकेट, इन्श्योरेंस आदि पास में रखें। ट्रॉफिक सिग्नल पर पुलिस नहीं है और सिग्नल शुरू हैं तो सिग्नल को ही पुलिस समझकर नियमों का पालन करें। हमेशा यातायात अधिकारियों को पूरा सहयोग दें। खुद भी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जान है तो जहान है।

### पेज १ का शेष

### जाली कागजात...

आर्थिक स्थिति खराब होने एक बार इतनी रकम देना संभव नहीं था। ऐसे में उन्होंने ११,००० रुपये देकर बात को कुछ दिन टालने की कोशिश की। ये रुपये लेने के बाद भी भागचंदानी की पैसों मांग बंद नहीं हुई। शेष रकम की वसूली के लिए वह सोशल मीडिया और कपड़ा बाजार में बदनाम करने के साथ ही एक्साइज विभाग में शिकायत कर उनका कारोबार प्रभावित करने की धमकी देता रहा। लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर व्यापारी ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने भागचंदानी के खिलाफ रंगदारी मांगने से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खत्म करें...

शिवसेना प्रवक्ता आनंद परांजपे ने बीजेपी प्रवक्ताओं की ओर से इस्तेमाल की गई भाषा पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव के नतीजों के बाद गठबंधन सहयोगियों के प्रवक्ताओं ने शिवसेना नेताओं के प्रति जो रुख अपनाया है, वह महायुति के लिए उचित नहीं है।

### इसरो ने...

बलों के रणनीतिक अभियानों को भी मिलने की उम्मीद है। एनवीएस-०३ के सफल प्रक्षेपण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

### जेल से...

हालांकि, बाद में सभी फरार कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया। घटना के बाद मुख्यमंत्री ने जेल की सुरक्षा में लापरवाही बरतने के आरोप में डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट (प्रभारी) एन. रामलिंगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है।

### रिहाई के...

बाद गिरफ्तार करने की कार्रवाई गंभीर सवाल खड़े करती है। खंडपीठ ने यह भी गौर किया कि जेल के बाहर मौजूद फरेरा के परिजनों और वकीलों को उनकी गिरफ्तारी के कारणों की जानकारी नहीं दी गई थी। अदालत के अनुसार, गिरफ्तारी के समय उसके आधार और कारण बताना संवैधानिक जिम्मेदारी है। कथित नक्सली संबंधों या सुरक्षा कारणों का हवाला देकर इस अनिवार्यता से बचा नहीं जा सकता। अरुण फरेरा ने अपनी याचिका में अवैध गिरफ्तारी और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए राज्य सरकार से २५ लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी। हाईकोर्ट ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए २ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया।

### रेत माफिया...

के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की मौजूदगी में इस तरह की घटना होने और उसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध उत्खनन का विरोध करना अब उनके लिए जोखिम भरा होता जा रहा है। गांव की प्राकृतिक संपत्ति को बचाने के लिए आगे आने वाले लोगों को ही धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।

### कल से...

अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद है। सीएनएपी सेवा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि कॉल करने वाले व्यक्ति के नाम की जानकारी उसके सिम कार्ड जारी करते समय दर्ज कराए गए ग्राहक विवरण के आधार पर दिखाई जाएगी। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति के मोबाइल में दूसरे व्यक्ति का नंबर सेव नहीं है और वह उसे फोन करता है, तो स्क्रीन पर केवल मोबाइल नंबर नहीं, बल्कि सिम कार्ड के पंजीकृत धारक का नाम भी दिखाई देगा।

# सतर्क रहें टैक्सपेयर्स : आईटी

**नागपुर।** आयकर विभाग नागपुर की जांच शाखा ने हाल ही में विदेशी संपत्तियों के संबंध में छोटे करदाताओं के लिए प्रकटीकरण योजना (लघु करदाताओं की विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना, २०२६ (एफएएसटी-डीएस, २०२६)) पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्रधान आयकर निदेशक (जांच) के कार्यालय में आयोजित हुआ। इसका संचालन प्रधान निदेशक विलास शिंदे के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें विदर्भ टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन (वीटीपीए) ने सक्रिय सहयोग दिया। एफएएसटी-डीएस, २०२६ वित्त अधिनियम २०२६ के तहत शुरू की गई एकमुश्त स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना है। इसके माध्यम से पात्र करदाताओं को कुछ विशिष्ट मामलों में अघोषित विदेशी संपत्तियों और आय को नियमित करने का व्यवस्थित अवसर मिलता है। इस योजना में २ प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं। श्रेणी १ में उन विदेशी संपत्तियों या आय पर लागू होती है जिन पर भारत में कर देय था लेकिन जिनका खुलासा नहीं किया गया था।


**NAGPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**OFFLINE TENDER NOTICE**

Commissioner, Nagpur Municipal Corporation, Nagpur, invites tenders in appropriate form for the following works. These tenders can be purchased by Registered Contractors from the office of the Executive Engineer (Electrical), NMC, Nagpur. Purchase and submission of tenders can be done from the office of the Executive Engineer (Electrical), NMC, Nagpur

| Name of the work | Project Cost (in Rs.) |
|---|---|
| Supply, installation, testing, commissioning 6 KW Solar system at SBI Colony Kamgar nagar Samaj bhavan in p.no.37 zone no. 01, Laxminagar. | 4,65,481/- |

**Note – 1)** Tender Submission end date : **04.11.2026 ( 03:00 PM) 2)** Date of Opening of Tender (If Possible) : **05.11.2026 (03:30 PM)** Rates are exclusive of G.S.T.

**Advt No. 430 PR**
**Date 30.10.2026**

**Executive Engineer (Electrical)**
**N.M.C., Nagpur**

**NAGPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**OFFLINE TENDER NOTICE**

Commissioner, Nagpur Municipal Corporation, Nagpur, invites tenders in appropriate form for the following works. These tenders can be purchased by Registered Contractors from the office of the Executive Engineer (Electrical), NMC, Nagpur. Purchase and submission of tenders can be done from the office of the Executive Engineer (Electrical), NMC, Nagpur

| Name of the work | Project Cost (in Rs.) |
|---|---|
| Providing and Erecting Street Light poles at various location in sita nagar and Tapovan Area in prabhag no. 36 zone no.01 (2ND CALL) | Rs. 7,44,559/- |
| Providing Electrical Work at Hot Mix Plant at Hingna Road Under Zone no. 01 | Rs. 4,55,984/- |

**Note – 1)** Tender Submission end date : **05.11.2026 ( 03:00 PM) 2)** Date of Opening of Tender (If Possible) : **06.11.2026 (03:30 PM) 3)** Rates are exclusive of G.S.T.

**Advt No. 429 PR**
**Date 30.10.2026**

**Executive Engineer (Electrical)**
**N.M.C., Nagpur**


'युगधर्म' मालक, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अरुण जोशी, देश पब्लिकेशन, ८५, हनुमाननगर, नागपुर-४४०००९ व्दारा मुद्रित तथा ८५, हनुमाननगर, नागपुर-४४०००९ से प्रकाशित। दूरध्वनि : ०७१२-२७४९८०२/०३/०४, २७४१७२४ फैक्स ०७१२-२७०५६३१, Email :yugdharmanagpur@gmail.com
कार्यकारी संपादक : राजेश्वर मिश्रा पी.आर.बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं, उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरूरी नहीं। (सभी मामलों का निपटारा केवल नागपुर न्यायालय में ही होगा।) RNI.No. 1561/57, Post Reg. NP/City/376/2017-2019

# जल संकट व अकालसदृश स्थिति पर समीक्षा बैठक

संवाददाता

**उमरेड।** उमरेड विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय मेश्राम की अध्यक्षता में उमरेड उपविभागीय कार्यालय में आगामी जल संकट व अकालसदृश स्थिति पर समीक्षा करने हेतु प्रशासकीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था।



इस बैठक में उमरेड विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उमरेड, भिवापुर व कुही तहसील के ग्रामीण परिसर में पीने के पानी का प्रश्न, किसानों के फसलों का नुकसान एवं आगामी अकालसदृश स्थिति से कैसे निपटा जा सकता है इस पर चर्चा की गई। नागरिकों को पीने के पानी के लिए दर दर भटकना ना पडे, संकट से जुझ रहे किसानों को समय पर शासकीय मदद मिले, इसके लिए प्रशासन द्वारा तत्काल ठोस कदम उठाने की सूचना संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई। इस बैठक में किसान, खेत मजदूर एवं आम नागरिकों के प्रश्नों पर सिर्फ चर्चा न कर उनको राहत देने के लिए अधिकारियों ने शासकीय स्तर पर कार्य करने की हिदायत दी। इस बैठक में उमरेड उपविभागीय राजस्व अधिकारी विद्यासागर चव्हाण, तीनों तहसील के गट विकास अधिकारी, तहसीलदार, सिंचन विभाग के अधिकारी एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# २ नवंबर को डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस में लोकशाही दिवस

संवाददाता

**नागपुर।** सोमवार, २ नवंबर को दोपहर १ बजे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस के छत्रपति हॉल में डिस्ट्रिक्ट लेवल का लोकशाही दिवस रखा गया है। इसमें तालुका लेवल के शिकायत निवारण दिवस में दर्ज लेकिन हल नहीं हुई शिकायतों पर सुनवाई होगी।

लोग २ नवंबर को दोपहर १२ बजे तक लोकशाही दिवस के लिए अपनी शिकायत की अर्जी दे सकते हैं। जिन लोगों ने शिकायत की अर्जी दी है, उन्हें लोकशाही दिवस में खुद मौजूद रहना होगा। यह साफ किया गया है कि शिकायत पर्सनल होनी चाहिए और चूंकि नागपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और नागपुर इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट से जुड़ी शिकायतों के लिए उन ऑफिसों में अलग से लोकशाही दिवस हो रहा है, इसलिए वे शिकायतें संबंधित एजेंसियों को दी जानी चाहिए। रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर ने बताया है कि ज्यूडिशियल मामले, रेवेन्यू या अपील मामले, ज्यूडिशियल कार्रवाई से जुड़े मामले, सर्विस, नौकरी और एस्टैब्लिशमेंट मामले, ऐसे मामले जिनमें ऑफिस हेड ने फाइनल जवाब दे दिया है और बिना ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स की कॉपी वाले एप्लीकेशन लोकशाही दिवस में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# सिंधी समाज का अंतराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन

## समाधा आश्रम व सिंधी सोशल फोरम का आयोजन



संवाददाता

**नागपुर।** नागपुर शहर में पिछले २५ सालों से सिंधी समाज के शादी-विवाह योग्य उच्च शिक्षित वर्ग के युवक व युवतियो के लिए अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाता रहा है। पूरे भारत में प्रख्यात इस परिचय सम्मेलन मे हर वर्ष काफी अच्छा प्रतिसाद मिलता रहा है । इसी कडी को आगे बढाते हुए इस साल भी २९ नवंबर को पुज्य समाधा आश्रम मैरेज ब्यूरो नागपुर और सिंधी सोशल फोरम नागपुर की ओर से संयुक्त रूप से मिलकर स्वागत लान, पाम रोड सिव्हिल लाइन नागपुर मे २६ वे परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आयोजकों फतनदास गोपचंदानी, पेसूराम दारा , दिलीप सावलानी, प्रकाश चेतवानी , अशोक माखीजानी और पुज्य समाधा आश्रम मैरेज ब्यूरो नागपुर और सिंधी सोशल फोरम नागपुर के सभी सदस्यगणों ने सिंधी समाज के पालकों और युवक-युवतियों से अनुरोध किया है कि अपना-अपने बेटे या बेटी का इस परिचय सम्मेलन में पंजीकरण करवाये ताकि एक ही समय एक ही स्थान पर शादी-विवाह लायक युवक युवतियों का अवलोकन कर अपने साथी का चुनाव कर सकें। युवक और युवतियों के केवल १००-१०० पंजीकरण किए जाएंगे। इसलिये सभी से अनुरोध किया गया है कि अपना पंजीकरण तुरंत करवाये । सम्मेलन में पंजीकृत अभिभावकों के लिए और दूर दराज से आनेवाले अभिभावकों के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। परिचय सम्मेलन की जानकारी के लिये ७४४७६२६०६६ , ९५०३२३७१६१ पर संपर्क किया जा सकता है।

# नाना पाटेकर की यादें ताजा कर दीं

## 'नाम' के कार्य को आगे बढ़ाना नाना को श्रद्धांजलि : एथापे

संवाददाता

**वर्धा।** महाराष्ट्र सूखे की मार झेल रहा है। किसानों की आत्महत्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। पूंजीपतियों से जुड़ी सरकार आम आदमी की समस्याओं के प्रति उदासीन है। ऐसे में नाना की कमी खल रही है। फिल्म निर्देशक और नाम फाउंडेशन के विदर्भ खानदेश समन्वयक हरीश इथापे ने वर्धाकर द्वारा आयोजित नाना पाटेकर श्रद्धांजलि सभा में कहा कि नाम फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाना नाना को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




स्थानीय बजाज पब्लिक डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी के सभागार में आयोजित इस बैठक में वर्धेकर ने नाना पाटेकर के व्यक्तित्व के कई पहलुओं को उजागर किया। उन्होंने कहा, अपने हाथों से धन खोने से पहले, हमें दूसरों के हाथों में जो कुछ भी है उसे सौंपने में सक्षम होना चाहिए। जब हमें जीवन यापन की कीमत का एहसास होता है, तभी व्यक्ति की उदारता झलकती है। महापौर डॉ. सुधीर पंगुल ने समुदाय से इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह से सहयोग करने की अपील करते हुए अपनी व्यक्तिगत सहायता की घोषणा की। फिल्मों और अन्य मीडिया में दिखाए जाने वाले बेफिक्र नाना पाटेकर वास्तव में बहुत संवेदनशील, मिलनसार और साहित्य प्रेमी थे। लेखक संजय इंगले तिगांवकर के अनुसार, आत्मसम्मानित और बेबाक यह नायक कोई बुरा इंसान नहीं था, बल्कि जरूरतमंद था।

प्रकृति सेवा समिति के अध्यक्ष मुरलीधर बेलखोडे ने कहा कि आत्महत्या से पीड़ित किसान परिवारों और सिंचाई के लिए नाना पाटेकर द्वारा किए गए कार्यों ने महाराष्ट्र को एक नया दृष्टिकोण दिया है और आज अन्य राज्य भी उनके कार्यों का अनुकरण कर रहे हैं। सुनीता इथापे ने वर्धा में नाना पाटेकर के प्रवास की यादें ताजा करते हुए कहा कि वे परिवार के प्रति सजग थे, खाना पकाने में कुशल थे और महिलाओं का सम्मान करते थे। इस अवसर पर डॉ. अभ्युदय मेघे ने कहा कि वर्धा सोशल फोरम की गतिविधियां नाना के कार्यों से प्रेरित हैं। इस श्रद्धांजलि सभा में संगठित संयुक्त कृति समिति के गुणवंत डाकरे, महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति के महेंद्र भूटे और विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन शेखर ठाकरे ने किया। राष्ट्रसंत तुकाडोजी महाराज द्वारा राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

# कल बन रहा दुर्लभ रवि पुष्य योग

**नागपुर।** धनतेरस शुक्रवार, ६ नवंबर और दीपावली पर्व रविवार, ८ नवंबर को मनाया जाएगा। दीपावली पर्व व धनतेरस पर खरीदारी का श्रेष्ठ मुहूर्त रहता है, लेकिन दीपावली के पूर्व रविवार, १ नवंबर को दुर्लभ रवि पुष्य योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस योग में सोना-चांदी, वाहन, जमीन-मकान खरीदने, निवेश और नया कारोबार शुरू करने तथा बही खाते लेने का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी दिन अहोई अष्टमी पर्व होने से योग का महत्व और बढ़ गया है।

शान्तिनगर के पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि पुष्य नक्षत्र को समृद्धि, स्थायित्व और शुभ कार्यों की सफलता से जोड़कर देखा जाता है। इस दिन सोना-चांदी, आभूषण, वाहन, जमीन, प्लॉट और मकान की खरीदारी के साथ नए कारोबार, स्टार्टअप और व्यावसायिक योजनाओं की शुरुआत भी शुभ मानी गई है।

खास बात यह है कि पुष्य नक्षत्र पूरे दिन रहने से खरीदारी और शुभ कार्यों के लिए दिनभर अवसर उपलब्ध रहेगा। रविवार और पुष्य नक्षत्र का संयोग रवि पुष्य योग का निर्माण करता है। पुष्य नक्षत्र को सभी २७ नक्षत्रों में विशेष शुभता और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। क्मुष्य नक्षत्र रविवार, १ नवंबर को प्रातः ६.५० बजे शुरू होकर २ नवंबर को सुबह ४.३० बजे तक चलेगा। पुष्य नक्षत्र सभी २७ नक्षत्रों का राजा कहलाता है। यह रविवार के दिन आने से रवि पुष्य कहलाता है। इस दिन स्वर्ण-चांदी, वस्त्र व नए वाहन खरीदी, बहीखाता व कम्प्यूटर भी खरीदना शुभदायी माना जाता है। ऐसा संयोग बहुत कम आता है। हवन, पूजा एवं नवकार्य प्रारंभ करने के लिए भी शुभ नक्षत्र है।

इस दिन बहीखाता व खरीदारी हेतु मुहूर्तः सुबह ९ से दोपहर १२ बजे तक - लाभ-अमृत, दोपहर १.३० से ३ बजे तक - शुभ बेला, शाम ५.३० से रात १०.३० बजे तक - श्रेष्ठ मुहूर्त है।

# कल 'अंकुर दीपावली बाजार'

संवाददाता

**नागपुर।** एंटरप्रेन्योर्स को एक सही प्लेटफॉर्म देने और 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के कॉन्सेप्ट को मजबूत करने के लिए, 'अमृत' (महाराष्ट्र रिसर्च, डेवलपमेंट एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) और 'महिला कला निकेतन' ने मिलकर कल (३१ अक्टूबर) एक खास एग्जीबिशन 'अंकुर दीपावली बाजार और अमृत पेठ' का आयोजन किया है।

यह एग्ज़िबिशन, जिसमें लोकल महिला एंटरप्रेन्योर्स द्वारा तैयार की गई दिवाली के लिए काम की और आर्टिस्टिक चीज़ों के स्टॉल हैं, 'महिला कला निकेतन', ५८५, गिरिपेठ, नागपुर में हो रही है और एंट्री फ्री है। एग्ज़िबिशन का समय शाम ४ बजे से रात ९ बजे तक है। 'अमृत' के नागपुर डिस्ट्रिक्ट मैनेजर आदित्य कुलकर्णी ने कहा कि इस पहल का मुख्य मकसद त्योहारों के मौसम में लोकल प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देना और महिलाओं की आत्मनिर्भरता में योगदान देना है।

# कंवरराम वर्सी उत्सव में विश्व शांति के लिए हुई सामूहिक अरदास

## जरूरतमंदों में अन्न- वस्त्र वितरित


संवाददाता

**नागपुर।** अमर शहीद संत कंवरराम साहिब वर्सी महोत्सव के अंतिम दिन विश्व शांति के लिए अरदास व प्रार्थना की गई जिसमें जिसमें नगर के सभी दरबारों के प्रमुखों संतो ने भाग लिया । गुजरात के मशहुर कलाकार परमानंद प्यासी ने कहा कि संत कंवरराम एक महान संत थे । वे त्याग व तपस्या की प्रतिमूर्ति थे दीन दुखियों तथा अपाहिज़ों की सेवा करना उनका मुख्य कार्य था । इसलिए उनकी याद में देश-विदेश में आज भी उनकी वर्सी पूरे श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाई जाती है । महोत्सव के समापन के अवसर पर संयोजक अशोक कुमार कुकरेजा ने आए हुए सभी महानुभावों का स्वागत किया।



सभी ने विश्व में सुख शांति के लिए अरदास की तथा उसके पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंदों को अन्न व वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफलतार्थ गोपीचंद कुकरेजा, बलदेव केवलरामानी, विक्रम कुकरेजा, राम देवानी, महेश कुकरेजा, राजेश माखीजानी, किशन साधवानी, चंदर लालवानी, विजय विधानी, तोताराम साधवानी, सुरेश लालवानी, गोविंद कुकरेजा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

# शब्दवर्गपहेली क्र.- 3936



**बायें से दाये** :– 1) किसी साथी का राज जाननेवाला 5) प्रभात, प्रातःकाल 8) सहज मिलनेवाला 11) जो सर्वदा हरा बना रहे 15) छानबीन, तलाश 17) कसकर बांधना, अकड़ना 18) खड्ग, समशेर 19) गरदन, गला 20) गन्ध, वास 21) घमंड़ 23) घमंड, नखरा, चोचला 25) दिया हुआ वचन 26) देने का कार्य 27) अवलोकन, देखने की क्रिया 29) हिन्दुओंका एक महिना जिसमें होली त्यौहार आता है 31)भली या बुरी लत, अभ्यास 33) गीला 35) रात, निशा 36) एक चर्मरोग 37) कुछ साल पूर्व ओम पुरी और दीपा साही का दूरदर्शन पर दिखाया गया एक विवादास्पद धारावाहिक 39) शरीर की उंचाई, डीलडौल 41) पराक्रमी 43) मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर 45) व्यभिचारिणी, वेश्या 48) वृक्षों में भी जान होती है, यह सिद्ध करनेवाले एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक 50) नाना के पिता 52) चिपचिपाहट 53) विषैला 54) उष्ण 55) धमनी 56) कार्य, करामात 58) भक्षण करना 59) बड़ी नाली 60) दिवस 61) देवताओं द्वारा प्रसन्न होने पर दिया जानेवाला वर 62) हटना, खिसकना 65) लोप, विलय 67) किश्ती 68) रमण का अपभ्रंश रूप 69) वह स्थान जहां चीजें तैयार होती है 70) हिमालय से निकलनेवाली एक नदी जो गंगोत्री के पास गंगा मिलती है 72) पुत्र 73) गंगा का उगमस्थल माना जानेवाला उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख तीर्थ 74) ठंड़ का मौसम 76) एक किस्म का गीत 78) प्रस्थान, कहीं से जाने की अनुमति 79) पवन 80) दहकता कोयला 81) पूर्णिमा 82) उष्णता, ज्वर 84) बड़प्पन 86) बिना किसी बाधा के 87) जो पुरा न हो 88) ऋण 89) रसीला 91) कंजूस 92) चमचा 93) कृती, बनाना 95) नौ रस 96) वसुदेव– देवकी का पुत्र 97) कपड़े के छेद को तागे से भरने की क्रिया 99) टरटर या बकबक करना 101) जिसका कोई वारिस न हो 103) जड़ 104) धर्म 105) सुगंध 107) मूर्च्छा 108) दुष्कीर्ति 111) मूषक 112) दरी 113) व्यायाम 114) कलाकार 115) बगीचा

**ऊपर से नीचे**:– 1) मुसलमानोंद्वारा की गयी मक्का मदीने की यात्रा 2) उद्देश्य, लक्ष 3) नीच, निकम्मा 4) स्त्री जैसा, जताना 5) आत्मज, पुत्र 6) दंगा, दो दलों में होनेवाली मारपीट 7) जहां खूब हवा लगती हो 9) लगने की क्रिया या भाव, लगाव 10) श्रीरामजी के एक भाई 11) बिहार का एक राजनीतिक दल 12) जलानेवाला 13) बगुला 14) एक निदेशी शराब 16) जीभ, भाषा, बोली 22) बार 24) झुका हुआ 26) बहुत दानधर्म करनेवाला 28) बायां 30) एक पुराने नेता जिन्हे दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ 31) ध्वनि 32) भाग्य 34) नोबल पुरस्कार से सम्मानित हमारे एक साहित्यिक 35अ) पानी 36) दबाना 37) रहम खाना 38) आसान 40) गणित में वह बिंदू जिससे हर में दस या उसका कोई घात होता है 42) दूध औटाकर एवं शक्कर ड़ालकर बनाया जानेवाला एक खाद्य व्यंजन 43) महोदय 44) सेतु 46) वास करना 47) XX अरूण, फिल्म जगत की एक गायिका 49) आकाश 50) परदे में रहनेवाली (स्त्री) 51) रत्न 56) भाग्य का कार्य 57) बरसात 60) दीप 61) दुल्हा 62) आसानी 63) खुले स्थान को घेरने के लिये लगाया मोटा कपड़ा 64) केश 66) जब (सं.) 67) ठिंगना 69) पिता का भाई 70) निराहार 71) फिल्म जगत की एक प्रसिद्ध गायिका 72) विधवा 73) शंकर 75) क्रोधित होना 77) एक प्रसिद्ध महाराष्ट्रीय संत 79) खलबली 80) माता 81) वाक्य समाप्त होने पर लगाया जानेवाला अवतरण चिन्ह 83) लालन पालन 85) गिनती 86) आश्चर्य 87) प्रदीप कुमार और बीना रॉय की एक पुरानी फिल्म 90) रसदार 94) तुरन्त 95) नया आया हुआ 98) बेढंगा, भद्दा 100) व्यर्थ 102) चिपकाना का भूतकाल 104) बड़ा 106) कसौटी 108) नखरा 109) तोता 110) अग्नि (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | प | त | ■ | द | फ | ना | ना | ■ | वा | सु | की | ■ | म | ■ | मा | लि | क | ■ | का |
| प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ई | ■ | र | हा | ■ | म | हा | व | त | ■ | म | हा | न |
| ■ | म | न | ■ | नां | ■ | क | मी | ■ | सौ | दा | ग | र | ■ | भा | ट | क | ■ | ला | य | क |
| आ | ■ | सु | ब | क | ना | ■ | न | सी | ह | त | ■ | ई | श्व | र | ■ | र | क्ष | क | ■ | त |
| स | म | त | ल | ■ | म | जा | ■ | ता | जा | ■ | इ | स | ■ | त | प | ना | ■ | र | ब | र |
| पा | ल | ■ | वा | ह | क | ■ | स | फ | र | ■ | क | ■ | ब | ■ | रि | ■ | इ | ■ | ■ | ना |
| स | मा | धा | न | ■ | मा | ला | मा | ल | ■ | ने | ता | जी | सु | भा | ष | च | न्द्र | बो | स | ■ |
| ■ | ■ | व | ■ | सू | ना | प | न | ■ | जे | व | रा | त | ■ | वे | द | ■ | जी | त | ■ | नै |
| ब | र | क | रा | र | ■ | ता | ■ | त | ब | ला | ■ | ना | ती | ■ | ■ | क | त | ल | ■ | ऋ |
| ह | प्ला | ■ | जा | न | की | ■ | क | न | क | ■ | सा | ■ | स | रे | आ | म | ■ | ■ | नि | त्य |
| स | र | फि | रा | ■ | र | न | र | ■ | त | र | फ | दा | री | ■ | ल | ला | ट | रे | खा | ■ |
| ■ | ■ | स | म | र | ■ | र | म | ता | रा | म | ■ | ग | ■ | नी | म | ■ | प | खा | र | ना |
| को | म | ल | ■ | जा | य | के | दा | र | ■ | जा | न | दा | र | ■ | प | री | ■ | ग | ■ | ज |
| श | ह | ना | ई | ■ | ■ | स | ता | ना | ■ | न | ज | र | क | र | ना | ■ | ग | णि | का | ■ |
| का | ज | ■ | मा | ह | वा | री | ■ | ■ | पा | ■ | रा | ■ | म | ज | ह | ब | ■ | त | ज | ना |
| र | ■ | घु | न | ■ | यु | ■ | अ | ना | प | श | ना | प | ■ | त | ■ | स | जा | ■ | ल | व |

anumeya-08446302691

# काटोल-नरखेड तालुका में संभावित पानी की कमी को रोकने समीक्षा बैठक हुई




संवाददाता

**काटोल।** इस साल काटोल और नरखेड़ तालुका में कम बारिश के कारण सूखे जैसी स्थिति पैदा हो गई है और कई इलाकों में पानी की कमी का संकट पैदा होने की आशंका है इसी पृष्ठभूमि में भविष्य में लोगों को पेयजल की कमी का सामना न करना पड़े तथा जनता को पर्याप्त एवं नियमित जलापूर्ति उपलब्ध हो, इसके लिए विधायक चरण सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में काटोल और नरखेड़ तालुका में सूखे की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई. उपलब्ध और शेष जल संसाधन, जल आपूर्ति योजनाओं की वर्तमान स्थिति, संभावित जल कमी से प्रभावित गांवों और भविष्य की जल आवश्यकताओं पर चर्चा की गई।

सूखे की स्थिति को देखते हुए उपलब्ध जल संसाधनों का उचित नियोजन एवं संतुलित वितरण, आवश्यक स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति, जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक उपाय करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया. काटोल और नरखेड तालुका के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को पानी की कमी से जूझना न पड़े, इसके लिए प्रशासन को जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ विधायक के साथ समन्वय करके तत्काल उपाय करना चाहिए। चरण सिंह ठाकुर ने आगे कहा, काटोल और नरखेड तालुका में सूखे जैसी स्थिति को देखते हुए, यह हमारी प्राथमिकता है कि नागरिकों को पीने के पानी के लिए किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी पीयूष चिवंडे, नरखेड तहसीलदार भगवत पाटिल, काटोल तहसीलदार श्रीमती आभा बोरकर, श्रीमती रेशमा निकम, काटोल समूह विकास अधिकारी सचिन सूर्यवंशी, नरखेड समूह विकास अधिकारी अक्षय भगत, प्राचार्य अमोल परिहार, किशोर रेवतकर, समन्वय समिति अध्यक्ष नरखेड तालुका शामराव बारई, नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोरडे, मोवाड नगर अध्यक्ष श्रीमती दर्शना ढोरे, नगर अध्यक्ष योगेश चाफले, राजू हरणे, संदीप सरोदे, हेमंत जिचकर, उकेश चौहान, हेमन्त कावडकर, चन्द्रशेखर चिखले, सतीश रेवतकर, प्रवीण लोहे, संजय कामडी, राजेश क्षीरसागर, वैभव राऊत, विनायक मानकर, दिलीप तिजारे, नाना मालवी सहित सभी पदाधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी से चूके जोकोविच



## स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट : जर्मन खिलाड़ी स्ट्रफ से हारे नोवाक

बासेल

नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था। एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है।

### शेल्टन नहीं जीत पाएंगे आठवां खिताब

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे। उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा। किम का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया। क्वार्टरफाइनल में फिल्स का सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।

# नंबर वन ताज पर ज्वेरेव का कब्जा



वियना

पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव आखिरकार सोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने एस्टर्ट बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीक्सपोर को 6-4, 7-5 से हराया।

### शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत : ज्वेरेव

इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा, 'दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।'

### सिनर की लेंगे जगह

इस टूर्नामेंट में आगे के परिणाम कुछ भी रहें ज्वेरेव यानिक सिनर की जगह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगे ज्वेरेव नंबर एक पर पहुंचने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी और 1974 में 30 वर्षीय जॉन न्यूकोम्ब के बाद शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। एटीपी रैंकिंग की शुरुआत इससे एक साल पहले ही हुई थी।

# सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

## आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट

क्राइस्टचर्च

*देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।*

### शानदार फार्म में पडिक्कल

*पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।*



### तेज गेंदबाजी आक्रमण को मिलेगी मजबूती

सिराज के शामिल होने से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिलेगी क्योंकि वह आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की कोशिश करेंगे। बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिंकन में होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना है, जिसमें नीतीश कुमार रेड्डी की भी वापसी होगी। जहां तक न्यूजीलैंड की टीम का सवाल है तो उसने पहले दो दिन तक दबदबा बनाया लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सका। उसकी टीम अब अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

## चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

# न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

### फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी



### फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

### शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

### ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

### 3 महीने बाद मैदान में उतरने को तैयार जेमिमा



नई दिल्ली। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने घोषणा की कि वह अगस्त में लगी चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं और मुकाबलों के लिए मैदान पर उतरने को तैयार हैं। जेमिमा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए चोट से उबरने के बाद खुद को पूरी तरह फिट घोषित किया। उन्होंने लिखा, 'जीवन से जुड़ा अपडेट, मुझे (हैमस्ट्रिंग) फिट घोषित कर दिया गया है। तीन महीने तक चोट से उबरने (रिहैब) के बाद अब मैं मैदान पर वापसी करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती।' भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अगला दौरा दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका का होगा, जिसमें टीम कई प्रारुपों की सीरीज खेलेगी। इसके अलावा जेमिमा मौजूदा सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में मुंबई की टीम की ओर से भी खेल सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### अंडर 15 वर्ल्ड कप : भारत ने क्यूबा को हराया

**बाकू।** भारत ने फीफा अंडर 15 वर्ल्ड कप एंड फेस्टिवल में शुक्रवार को अपने आखिरी मैच में क्यूबा को 6-4 से हराया। भारत 189 देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में 87वें स्थान पर रहा। भारत के लिए विक्टर लालावम्पुइया, निबास मीतेइ और आर लालरेम्रूआत्फेला ने दो-दो गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट में लाओस, कैमरून, बहरीन, त्रिनिदाद और टोबैगो और क्यूबा को हराया जबकि सेनेगल, होंडुरास, अफगानिस्तान और कजाखस्तान से हारा। ग्रेनेडा के खिलाफ भारत का मुकाबला ड्रॉ रहा।

### हांगकांग सिक्सेस : पाक से हारी टीम इंडिया

**कोवलून।** भारत को हांगकांग इंटरनेशनल सिक्सेस के मैच में पाकिस्तान ने 4 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर भारत 6 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन ही बना सका। शशांक सिंह ने 11 गेंद में 40 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 3.5 ओवर में 2विकेट पर 92 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ख्वाजा नफे और अब्बास अफरीदी ने 13 गेंद में 59 रन की साझेदारी की। अफरीदी ने पहले ही ओवर में कृणाल पंड्या को 5 छक्के लगाए। इससे पहले भारत को राहुल त्रिपाठी और नीतीश राणा अच्छी शुरुआत नहीं दे सके। कप्तान पंड्या और राहुल तेवतिया भी नाकाम रहे।

# अन्वय द्रविड़-आर्यवीर सहवाग अंडर 19 भारतीय टीम में शामिल

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारुप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उन्नीस वर्षीय आर्यवीर सहवाग ने भी वीनू मांकड़ ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी।



### लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

# सिंधू हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं

## अनमोल से होगा सामना, लक्ष्य अंतिम चार में

सारब्रकेन

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जर्मनी की अमाली शुल्ज को सीधे गेम में हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बना ली। लक्ष्य सेन ने भी पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधू के सामने अब सेमीफाइनल में हमवतन अनमोल खरब की चुनौती होगी। अनमोल ने एक कड़े मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा को तीन गेम में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस तरह महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में दोनों भारतीय खिलाड़ियों के आमने-सामने होने से भारत का फाइनल में एक स्थान पक्का हो गया है। सिंधू और अनमोल दोनों की नजरें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने हाल में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद यहां भी शानदार लय जारी रखी। उन्होंने शुल्ज को महज 27 मिनट में 21-12, 21-10 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। सिंधू पूरे मुकाबले में हावी रहीं और कुल खेले गए 64 अंकों में से 42 अपने नाम किए। उन्होंने एक समय लगातार छह अंक जीते, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन लगातार तीन अंक जीतने का रहा।

## पैन पैसिफिक ओपन

# गर्दन की चोट के कारण हटीं एलेना रिबाकिना

टोक्यो। दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था। रिबाकिना ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं। यह बहुत मुश्किल फैसला है, क्योंकि मुझे यहां खेलना पसंद है और मैं हमेशा फैंस के जबरदस्त सपोर्ट की तारीफ करती हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अगले साल फिर वापस आऊंगी। आप सभी की समझदारी और समर्थन के लिए धन्यवाद।



## जमीनी स्तर पर क्रिकेट का वैश्विक उत्सव, जुड़े 10 लाख खिलाड़ी

# 1 नवंबर को मनाया जाएगा पहला 'क्रिओ डे'

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के वैश्विक उत्सव 'क्रिओ डे' की शुरुआत की घोषणा की, जो 1 नवंबर को आयोजित होगा। यह पहल दुनिया भर में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या 10 लाख पहुंचने की उपलब्धि के मौके पर शुरू की गई है। 'क्रियो' कार्यक्रम ने 2021 में शुरुआत के बाद से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट के खेल को पहुंचाने में मदद की है। नए दर्शकों और खिलाड़ियों को क्रिकेट से परिचित कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया 'क्रिओ' कार्यक्रम 18 भाषाओं में मुफ्त और आसानी से अपनाए जा सकने वाले पाठ्यक्रम के माध्यम से संचालित होता है। यह आईसीसी का शुरुआती स्तर का और दुनिया भर में सभी के लिए सुलभ क्रिकेट कार्यक्रम है।



### क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी'


आईसीसी के अनुसार यह कार्यक्रम इस सिद्धांत पर आधारित है कि क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी और कोई भी खेल सकता है'। वर्ष 2021 से 'क्रिओ' ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय को एकजुट करके इस खेल के विकास में योगदान दिया है। इस वैश्विक अभियान से जुड़ने वाली 10 लाखवीं खिलाड़ी नाइजीरिया की 13 वर्षीय सैदत हमजात बनी हैं। यह कार्यक्रम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच चुका है। आईसीसी के 65 एसोसिएट सदस्य देशों ने अपने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए हैं। वहीं, आईसीसी के सभी 12 पूर्ण सदस्य देशों में प्रमाणित 'क्रिओ' प्रशिक्षक मौजूद हैं।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार तीसरी जीत

# अभिषेक के दो गोल, भारत ने जापान को 4-1 से हराया

जालंधर

पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम ने स्ट्राइकर अभिषेक नैन के दो गोल की मदद से शुक्रवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को 4-1 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत ने इससे पहले अपने शुरुआती दो मुकाबलों में बांग्लादेश को 13-0 से रौंदा था जबकि चीन को 5-2 से हराया था। वहीं जापान ने दक्षिण कोरिया को 3-2 और बांग्लादेश को 1-0 से मात दी थी। भारत की ओर से अभिषेक (11वें और 51वें मिनट) ने दो मैदानी गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (47वें मिनट) ने टीम को मिले एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि विष्णुकांत सिंह (56वें मिनट) ने भी मैदानी गोल दागा। जापान के लिए एकमात्र गोल शोता यामादा (15वें मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय टीम का अगला मुकाबला रविवार को मलेशिया से होगा। भारत ने हाल में आइची-नागोया एशियाई खेलों में मलेशिया को 5-1 से हराया था। वहीं जापान का सामना चीन से होगा। भारतीय टीम ने मैच की शुरुआत धीमी की। जापान ने शुरुआती मिनटों में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि केन नागायोशी का प्रयास लक्ष्य से बाहर चला गया।



## सारा के केदारनाथ दौरे पर विवाद

**मुंबई।** अभिनेत्री सारा अली खान हाल ही में केदारनाथ दर्शन करने पहुंची थीं। अब उनके दौरे पर अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दौरान स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, 'यह मौलानाओं का मामला है और उन्हें अपनी बहनों और बेटियों को रोकना चाहिए। हमने साफ कहा है कि अगर इस्लाम को लगता है कि हमारे डांडिया रास में मुस्लिम लड़के शामिल होने चाहिए, तो सिर्फ लड़के ही क्यों? उनके पूरे परिवार को इसमें शामिल क्यों नहीं होना चाहिए? उनकी बेटियां इसमें क्यों शामिल नहीं हो सकतीं? अगर बेटियां भी शामिल होती हैं, तभी इसका कोई मतलब बनता है।'

**sms**

अदा है, ख्वाब है, तकसीम है, तमाशा है,
मेरी इन आंखों में एक शख्श बेतहाशा है।

# पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सीपी ने किया सम्मानित

## नवजात बच्चे की सकुशल बरामदगी से लेकर छह घंटे में लूट का पर्दाफाश करने तक की उपलब्धियों को मिली सराहना

### ३० विद्यार्थियों की जान बचाने वाले यातायात पुलिसकर्मी भी सम्मानित

**नागपुर।** शहर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत विभिन्न पुलिस थानों और शाखाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा न्यायालयीन पैरवी अधिकारियों को पुलिस आयुक्त विश्वास नांगरे पाटिल के हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस भवन में आयोजित कार्यक्रम में यशोधरानगर, कलमना, वाठोडा, पारडी पुलिस थानों, आर्थिक अपराध शाखा और यातायात परिमंडल पारडी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष उपलब्धियों की सराहना की गई।

इस दौरान अपराधों की सफल जांच, चोरी के मामलों का पर्दाफाश, आत्महत्या का प्रयास करने वाले लोगों की जान बचाने, नवजात बच्चे को सकुशल उसके माता-पिता तक पहुंचाने और स्कूल बस में सवार ३० विद्यार्थियों की जान बचाने जैसे





सराहनीय कार्यों के लिए पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।

यशोधरानगर पुलिस ने डागा अस्पताल से चोरी हुए नवजात बच्चे का पता लगाकर उसे सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द किया था। इस संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण मामले को सफलतापूर्वक सुलझाने के लिए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यूनुसचांद शेख, सहायक पुलिस निरीक्षक दिलीप पाटील, पुलिस उपनिरीक्षक अशोक हटकर, दत्तू गेठे, वनिता गर्जे, पुलिस हवलदार मंगेश गिरी, अमोल भांबुलकर और अशोक तायड़े को सम्मानित किया गया।

कलमना पुलिस के बीट मार्शल दस्ते ने अस्पष्ट नंबर प्लेट वाले एक संदिग्ध वाहन की बारीकी से जांच की। इस जांच के दौरान वाहन चोरी का मामला उजागर हुआ। सतर्कता और सूक्ष्म निरीक्षण के जरिए अपराध का पता लगाने के लिए पुलिस हवलदार श्रीधर बरबटे और पुलिस कांस्टेबल रंजीत राठोड़ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### छह घंटे में लूट के मामले का पर्दाफाश

वाठोडा पुलिस ने चोट पहुंचाकर की गई जबरन लूट के एक मामले को महज छह घंटे के भीतर सुलझाकर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। त्वरित जांच और प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस उपनिरीक्षक अतुल पवार, पुलिस हवलदार अनूप तायवाड़े तथा पुलिस कांस्टेबल वामन कालेकर, ईश्वर राठोड़, सीताराम चव्हाण और विपिन पिल्लेवान को सम्मानित किया गया।

पारडी पुलिस के बीट मार्शल दस्ते ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को समय रहते सुरक्षित बचा लिया। पुलिसकर्मियों की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता के चलते एक व्यक्ति की जान बच सकी। इस कार्य के लिए पुलिस कांस्टेबल गणेश श्रीरामे, निलेश लंगडे और नितीन कनोजिया को सम्मानित किया गया।

### स्कूल बस से ३० विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला

यातायात परिमंडल पारडी के पुलिसकर्मियों ने सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए बड़ा हादसा टाल दिया। एक स्कूल बस से धुआं निकलता दिखाई देने पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल स्थिति की गंभीरता को समझा और बिना देर किए बस में सवार ३० विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस हवलदार अतुल ठाकरे और प्रमोद शेलके को सम्मानित किया गया।

### महिला की बचाई जान

यशोधरानगर के बीट मार्शल पुलिसकर्मियों ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली एक महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार उपलब्ध कराने के कारण महिला की जान बचाई जा सकी। इस मानवीय और तत्परता भरे कार्य के लिए पुलिस कांस्टेबल रोहित रामटेके और साजिद खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त विश्वास नांगरे पाटिल के साथ सहायक पुलिस आयुक्त नवीनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त वसंतराव परदेशी (दक्षिण विभाग) और विनीता शाहू (उत्तर विभाग) सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक कुओं के संरक्षण की दिशा में प्रशासन की पहल


## डॉ. प्रवीण डबली के वर्षों के प्रयासों को मिली महत्वपूर्ण सफलता

**संवाददाता**

**नागपुर।** नागपुर शहर पर मंडरा रहे संभावित जलसंकट को देखते हुए नागपुर महानगरपालिका एवं जिला प्रशासन ने शहर की पारंपरिक और ऐतिहासिक कुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आधिकारिक आदेश जारी किए हैं। प्रशासन के इस निर्णय से पिछले कई वर्षों से कुओं के पुनरुज्जीवन और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं जलयोद्धा डॉ. प्रवीण डबली की मुहिम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

डॉ. प्रवीण डबली और उनके सहयोगियों ने नागपुर शहर की ऐतिहासिक कुओं एवं बावड़ियों को कचरामुक्त करने, उनका पुनरुज्जीवन करने तथा उनके अस्तित्व को बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर वर्षों से लगातार प्रयास किए हैं। मोतीबाग स्थित लगभग २५० वर्ष पुरानी भोसलेकालीन ऐतिहासिक कुएं के पुनरुज्जीवन में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्रशासन के इस महत्वपूर्ण कदम का स्वागत करते हुए डॉ. प्रवीण डबली ने कहा, शहर की ऐतिहासिक कुएं हमारी वास्तविक जलसंपदा हैं। इनका संरक्षण और संवर्धन होना चाहिए, यह मांग हम पिछले कई वर्षों से लगातार उठा रहे थे। देर से ही सही, अब प्रशासन ने इस दिशा में कार्य शुरू किया है और सभी ऐतिहासिक कुओं के संरक्षण के आदेश जारी किए हैं। यह हमारी दीर्घकालीन मुहिम की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस जनहितकारी और संवेदनशील निर्णय के लिए मैं नागपुर महानगरपालिका



तथा जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

नागपुर महानगरपालिका एवं जिला प्रशासन ने 'विहिरींकडे चला' अभियान के अंतर्गत शहर की लगभग ८६० पारंपरिक कुओं की सफाई तथा ४०० कुओं में बोरिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। डॉ. डबली ने मांग की है कि नागपुर के इस जलसंरक्षण मॉडल को आदर्श मानते हुए इसे पूरे महाराष्ट्र में लागू किया जाए। इस संबंध में उन्होंने राज्य सरकार, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के समक्ष भी मांग रखी है।

उन्होंने कहा कि यदि महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में ऐतिहासिक कुओं, बावड़ियों और अन्य पारंपरिक जलस्रोतों का संरक्षण एवं पुनरुज्जीवन किया जाए, तो भूजल स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ जलसंकट को कम करने में भी महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। स्थानीय जलस्रोतों का पुनर्जीवन महाराष्ट्र को जलसंकटमुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम साबित हो सकता है।

डॉ. डबली ने नागपुर के नागरिकों से भी प्रशासन की इस मुहिम में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक एवं पारंपरिक कुओं की स्वच्छता और संरक्षण के लिए श्रमदान करने की अपील की है।

# अयोध्या के राष्ट्रीय अधिवेशन में विदर्भ का दबदबा

## एनयूजेआई की ओर से परतवाड़ा प्रकरण की रिपोर्ट सौंपी गई

**संवाददाता**

**नागपुर।** नैशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक और दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हाल ही में अयोध्या में संपन्न हुआ। इस दौरान विदर्भ शाखा के पदाधिकारियों ने परतवाड़ा सेक्स स्कैंडल प्रकरण में विदर्भ शाखा की ओर से गठित तथ्य-अन्वेषण समिति की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेशजी शर्मा को सौंपी। विदर्भ की समिति द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से किए गए इस सक्रिय कार्य की पूरे सभागार में सराहना की गई।

विदर्भ में चर्चित परतवाड़ा सेक्स स्कैंडल प्रकरण में आरोपियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे थे। उस समय संगठन के पदाधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पत्रकार उदय अंधारे के नेतृत्व में एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित की। इस समिति ने




स्थानीय सामाजिक घटकों से चर्चा कर मामले को आगे बढ़ाया। इसके बाद पुलिस को आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करना पड़ा। संगठन के सचिव पराग जोशी ने अपने वक्तव्य में अधिवेशन के दौरान इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी।

इस अवसर पर उदय अंधारे के साथ विदर्भ शाखा के अध्यक्ष अविनाश पाठक, संगठन के मार्गदर्शक विनोद देशमुख और कार्यकारिणी सदस्य मीरा टोळेने तथ्य-अन्वेषण समिति की रिपोर्ट की प्रति राष्ट्रीय अध्यक्ष और महासचिव को सौंपी। अयोध्या के हनुमान बाग परिसर में आयोजित इस अधिवेशन में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र चौधरी, अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरिशपति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, संगठन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कविता राज, अयोध्या शाखा के सचिव जयप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय महासचिव त्रियुग नारायण तिवारी तथा अयोध्या इकाई के अध्यक्ष प्रो. के. एम. सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### 'शतकवीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' पुस्तक भेंट

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्षों की यात्रा पर आधारित पुस्तक 'आरएसएस-१०० शतकवीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के लेखक एवं वरिष्ठ पत्रकार विनोद देशमुख ने अधिवेशन के दौरान यह पुस्तक सुरेश शर्मा, त्रियुग नारायण तिवारी, कविता राज और उमेश चतुर्वेदी को भेंट की।

# नरेश जुम्मानी का सत्कार



**संवाददाता**

**नागपुर।** हाल ही में विश्व की अंतरराष्ट्रीय संस्था विश्व सिंधी सेवा संगम भारत देश के उपाध्यक्ष पद पर नरेश जुम्मानी इन्हें इस पद पर नवाजा गया। सामाजिक संस्था पंडित बच्छराज व्यास स्मृति प्रतिश्ठान एव गिरीश व्यास मित्र परिवार द्वारा सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत समाज सेवक नरेश जुम्मानी को इस पद हेतु शॉल श्रीफल देकर सन्मानित किया एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा दी गई। इस अवसर पर माजी आमदार गिरीश व्यास, डॉ. महेश तिवारी, जितेश सोहनदानी, मनोज तिवारी, अशोक बम्ब, अतुल देसाई कृपालसिंह, अनिल शर्मा, पवन तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे सामाजिक हित मे नरेश जुम्मानी ने कहा कि सिंधी समाज की वरिष्ठ संस्था ने जो जिम्मेदारी सोफी है उसे बखूभी निभाउंगा।



# 'चलो दिल्ली' कार रैली शुरू

**नागपुर।** हैदराबाद से चलो दिल्ली कार रैली शुरू की गई है। अपनी यात्रा के दौरान, नागपुर पहुंचने पर यह रैली आज शाम नवनिर्वाचित विधायक अभिजीत वंजारी का स्वागत करेगी। वंजारी ने भी इस सामूहिक आंदोलन को मजबूत करने के लिए अपना समर्थन दिया है और इन नेताओं के साथ हाथ मिलाया है। 'चलो दिल्ली' की भावना केवल एक कार रैली से कहीं बढ़कर है; यह एकजुटता, साहस और सामूहिक दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन है। आज शाम ६ बजे दत्तात्रेय नगर स्थित अभिजीत वंजारी के आवास पर उनका सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# लायन्स क्लब नागपुर समर्पण का अनुकरणीय सेवाकार्य

## लगातार एक महीने तक प्रतिदिन १०० गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण




**संवाददाता**

**नागपुर।** लायन्स क्लब नागपुर समर्पण द्वारा सामाजिक सेवा एवं मानवता के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए एक सराहनीय पहल की गई। क्लब की ओर से लगातार पूरे एक महीने तक प्रतिदिन १०० गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को दोपहर का भोजन वितरित करने का भव्य सेवाभावी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मानेवाडा रोड पर आयोजित इस विशेष भोजनदान उपक्रम के माध्यम से प्रतिदिन बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने भोजन का लाभ लिया। पूरे एक महीने तक निरंतर चलाए गए इस सेवाकार्य से अनेक जरूरतमंद लोगों को राहत एवं सहारा मिला। इस भव्य भोजनदान कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन लायन्स क्लब इंटरनेशनल, विदर्भ के द्वितीय प्रांतपाल श्री निशिकांत प्रतापे के शुभहस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में श्रीमंत राजे जयसिंह भोसले विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस संपूर्ण प्रकल्प के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ला. संजय घाडगे एवं ला. वर्षा घाडगे ने विशेष परिश्रम एवं समर्पण के साथ इस उपक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए क्लब अध्यक्ष सी.ए. अमित चांडक, ला. सारंग ढोक, ला. रेणुका पुराणिक, ला. मानसी कुकडे एवं ला. निधि चांडक ने अथक प्रयास किए। लायन्स क्लब नागपुर समर्पण का यह उपक्रम समाज के प्रति सेवा, समर्पण और मानवता की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है। जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है, इसी उद्देश्य को लेकर क्लब निरंतर सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## नवंबर के आखिर तक सभी प्रोजेक्ट्स पूरे करने के निर्देश

# महावितरण के विकास के कार्यों में तेज़ी

**संवाददाता**

**नागपुर।** महावितरण के नागपुर और गोंदिया सर्कल में बिजली कंज्यूमर्स को बेहतर क्वालिटी, बिना रुकावट और भरोसेमंद बिजली सप्लाई देने के लिए चल रहे बड़े प्रोजेक्ट्स में अब तेज़ी आ गई है। हाल ही में नागपुर सर्कल ऑफिस में आडीएसएस फीडर सेपरेशन, मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना २.० और -उह के तहत अलग-अलग विकास के कामों की प्रोग्रेस का पूरा रिव्यू करने के लिए एक हाई-लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग चीफ इंजीनियर (प्रोजेक्ट्स) संतोष सांगले और नागपुर सर्कल के चीफ इंजीनियर राजेश नाइक की मौजूदगी में सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज़ की गई।

मीटिंग में नागपुर और गोंदिया बोर्ड के



सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने ऑडियो विजुअल सिस्टम के ज़रिए हिस्सा लिया, जबकि सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर (इंफ्रास्ट्रक्चर) दीपाली माडेलवार, एडिशनल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कल्याणी निमकर, डिप्टी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर (इंफ्रास्ट्रक्चर) खुद मौजूद थे और प्रोजेक्ट्स के मौजूदा स्टेटस पर एक डिटेल्ड रिपोर्ट पेश की। खेती के चैनलों के आइसोलेशन और कस्टमर सर्विस को सबसे ज़्यादा प्राथमिकता देते हुए, चीफ़ इंजीनियर ने सभी एजेंसियों को तय समय में काम पूरा करने के बहुत सख़्त और साफ़ निर्देश दिए।

पूरी हो चुकी बिजली लाइनों पर सामान की चोरी रोकने के लिए, सही कानूनी इजाज़त लेकर उन्हें तुरंत थोड़ा चार्ज किया जाए। साथ ही, राइट ऑफ़ वे से जुड़े जो भी पेंडिंग मामले हैं, उन्हें आपसी तालमेल से अगले एक-दो दिन में प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। जहाँ भी लोकल लेवल पर काम में कोई रुकावट या विरोध हो, वहाँ सरकारी प्रोटोकॉल को असरदार तरीके से अपनाकर काम तुरंत पूरा किया जाए। हमारे किसान भाइयों को दिन में बिना रुकावट, रेगुलर और लगातार बिजली सप्लाई को असरदार तरीके से लागू करने के सख़्त निर्देश दिए गए।

पूरी हो चुकी चैनलों को तुरंत चालू करने और हर उस जगह पर तुरंत एक्स्ट्रा मैनपावर तैनात करने का आदेश दिया गया है जहाँ प्रोजेक्ट्स की प्रोग्रेस ५० परसेंट से कम है और नवंबर २०२६ के आखिर तक सभी अधूरे काम पूरे करने हैं। नई चालू की गई एसेट्स की जियो-टैगिंग तुरंत पूरी की जाए और फिजिकल और फाइनेंशियल प्रोग्रेस का सही तालमेल बनाए रखने के लिए सिंगल लाइन डायग्राम और पोल शेड्यूल जमा किया जाए। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी की बताई सभी गलतियों को तुरंत ठीक करने के आदेश दिए गए।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री सोलर एग्रीकल्चरल चैनल स्कीम २.० के तहत शहर में प्रस्तावित ३ नए सब-स्टेशन आने वाले नवंबर में ही बिना किसी चूक के चालू कर दिए जाएं। आने वाले रबी सीजन में बिजली की बढ़ती मांग और कंज्यूमर्स की जरूरतों को देखते हुए, एडमिनिस्ट्रेशन ने निर्देश दिया है कि एडीबी स्कीम के तहत 'नई दिल्ली सबस्टेशन' और 'एडिशनल पावर ट्रांसफॉर्मर' का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए और तय समय में अलग-अलग फेज में पूरा किया जाए।